www.tamsasanket.com
वर्षः 29 || अंक 191 || अम्बेडकरनगर
शनिवार
03 अक्टूबर 2026 || पृष्ठः 08 || मूल्यः ₹ 2
आज़ादी का अमृत महोत्सव
दैनिक
तमसा संकेत
https://epaper.tamsasanket.com
अम्बेडकर नगर व लखनऊ से एक साथ प्रकाशित
» डॉ. लोहिया की जन्म भूमि से सर्वप्रथम प्रकाशित समाचार पत्र

मौसम
सूर्योदयः 05:59
सूर्यास्तः 05:56
अधिकतमः 34°00
न्यूनतमः 24°00



पेज 07

विशेष समाचार
टिन के डिब्बों से एशियाई स्वर्ण... >>पेज 04
आकाश आनंद ने बुआ ... >>पेज 06
एक्ट्रेस नुसरत भरूचा को ...



- लोकभवन में 'नमो सेवा अनकही कहानियां' पर आधारित नाट्य श्रृंखला मंचन कार्यक्रम को सीएम योगी आदित्यनाथ ने किया संबोधित
- बोले- जनधन खाते खोलने पर विपक्ष उड़ाता था खिल्ली, अब गरीब के खाते में सीधे पहुंच रहा उसका पैसा
- चप्पल पहनने वाला भी कर रहा हवाई यात्राः योगी

जनता के पैसे पर डकैती डालने वालों की जेबें प्रधानमंत्री मोदी ने खाली कराईं : मुख्यमंत्री

आज देश में कोई व्यक्ति भूखा नहीं सोता : सीएम

संकल्प

हेमन्त कृष्ण

तमसा संकेत, लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि जनधन खाते खोले जा रहे थे तो विपक्ष खिल्ली उड़ाता था कि खाली खाते खोलकर क्या होगा। आज पता चल गया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने जनता के पैसे पर डकैती डालने वालों की जेबें खाली कराईं और गरीब का पैसा सीधे उसके खाते तक पहुंचाया। जिनकी जेबों तक जनता का पैसा पहुंचता था, उन्हें बुरा लगना और उनका विरोध करना स्वाभाविक है। मुख्यमंत्री शुक्रवार को लोकभवन सभागार में सेवा संकल्प अभियान के तहत 'नमो सेवा अनकही कहानियां' पर आधारित नाट्य श्रृंखला मंचन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी 7 अक्टूबर को गुजरात के मुख्यमंत्री और देश के प्रधानमंत्री के रूप में जनसेवा के 25 वर्ष पूरे करेंगे। यह बिना रुके, बिना झुके और बिना डिगे सेवा की यात्रा है।



- योगी बोले कि सात अक्टूबर 2001 को मोदी जी ने ऐसे समय गुजरात की जिम्मेदारी संभाली, जब राज्य भूकंप की त्रासदी से जूझ रहा था। इसके बाद दंगों की चुनौती भी आई। इन परिस्थितियों के बीच गुजरात तेजी से उभरते राज्य और विकास के मॉडल के रूप में सामने आया।

देश में अब नौकरी देने वाले नौवजवान

मुख्यमंत्री ने कहा कि डबल इंजन सरकार में आईआईटी, आईआईएम, एम्स, ट्रिपल आईटी, एनआईटी की श्रृंखलाएं खड़ी हुई हैं। मेडिकल कॉलेज और इंजीनियरिंग संस्थान बन रहे हैं। देश में 2.5 लाख से ज्यादा स्टार्ट अप हो चुके हैं। अब हमारे नौजवान केवल नौकरी लेने वाले नहीं, बल्कि नौकरी देने वाले बन रहे हैं। 12 करोड़ किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के साथ जोड़ने का काम भी मोदी जी के नेतृत्व में संभव हो पाया है।

इसमें विरासत और विकास के समन्वय के साथ बिना भेदभाव योजनाओं को समाज के विभिन्न वर्गों तक पहुंचाया गया।

प्रदेशभर में होगा नाट्य श्रृंखला का मंचन

सीएम के संबोधन से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसेवा के 25 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में 17 सितंबर से चल रहे सेवा संकल्प अभियान के क्रम में संस्कृति विभाग के तहत भारतेंदु नाट्य अकादमी के कलाकारों ने प्रस्तुति दी। नाट्य प्रस्तुति में वर्ष 2001 के गुजरात भूकंप की तबाही से लेकर कच्छ के पुनर्निर्माण और पीएम नरेन्द्र मोदी की जनसेवा की यात्रा को मंच पर उतारा गया। >> (शेष पेज 06 पर)

यूपीए सरकार के दस वर्षों पर साधा निशाना

मुख्यमंत्री ने कहा कि 2004 से 2014 के बीच कांग्रेस नेतृत्व वाली यूपीए सरकार के भ्रष्टाचार, अराजकता और अकर्मण्यता से देश में अविश्वास था। आंतरिक और बाह्य सुरक्षा के साथ अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर भी चुनौतियां थीं। वर्ष 2014 में गांव, गरीब, किसान, नौजवान और महिलाओं ने नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व पर विश्वास जताया। इसके बाद किसी जाति, मत, मजहब, क्षेत्र या भाषा के बजाए 140 करोड़ भारतीयों को केंद्र में रखकर योजनाएं आगे बढ़ाई गईं। पहले योजनाएं बनती थीं, लेकिन प्रभावी ढंग से जमीन तक नहीं पहुंचती थीं। आज गरीबों तक आवास, रसोई गैस, शौचालय, स्वास्थ्य बीमा और मुफ्त राशन जैसी सुविधाएं पहुंच रही हैं।

हवाई चप्पल वाला भी कर रहा हवाई यात्रा

मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं के लिए स्टार्टअप और रोजगार के नए अवसर बने हैं। हाईवे, एक्सप्रेसवे, रेलवे, मेट्रो और एयरपोर्ट का विस्तार हुआ है। पहले कोई प्रधानमंत्री यह दावा नहीं कर पाया कि हवाई चप्पल पहनने वाला भी हवाई जहाज की यात्रा कर सकता है। प्रधानमंत्री मोदी जी ने इसे केवल कहा नहीं, करके दिखाया। 7 अक्टूबर हर भारतीय के लिए प्रेरणा का दिन होना चाहिए। यह यात्रा 15 अगस्त 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने से जुड़ी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन लोगों तक कभी आवास नहीं पहुंचा था, उनको आवास दिलाया गया। 12 करोड़ गरीबों के घरों में शौचालय बन गए। उज्जवला योजना के जरिए रसोई गैस भी उपलब्ध कराई गई। जो गरीब उपचार से कोसों दूर थे, उनको 5 लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा कवर उपलब्ध कराया गया। आज देश में कोई व्यक्ति भूखा नहीं सो सकता, क्योंकि प्रधानमंत्री गरीब अन्न योजना के माध्यम से मुफ्त में अनाज की सुविधा उपलब्ध हो रही है।

एक्टर डीनो मोरिया से 6 घंटे पूछताछ

मुंबई । मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने शुक्रवार को बॉलीवुड एक्टर डिनो मोरिया से मीठी नदी सफाई घोटाले के सिलसिले में छह घंटे तक पूछताछ की। EOW के एक अधिकारी के अनुसार, पूछताछ के बाद अभिनेता को जाने दिया गया। जरूरत पड़ने पर उन्हें फिर से बुलाया जा सकता है। मामला मीठी नदी डीसिल्टिंग (गाद निकालना) घोटाले का है। दावा है कि राज्य में नदियों की सफाई के नाम पर हुए 65 करोड़ रुपए का गबन हुआ। इस जांच में मोरिया का नाम इसलिए आया क्योंकि उन पर उन कॉन्ट्रैक्टर्स और अधिकारियों से जुड़े होने का आरोप है, जिन लोगों ने मुंबई में बाढ़ से बचाव और ड्रेनेज सिस्टम के रखरखाव के लिए दिए गए सरकारी फंड में हेराफेरी की थी। 2025 में भी ED ने मुंबई और कोच्चि में 15 जगहों पर छापेमारी की, जिसमें मोरिया का घर भी शामिल था।

गांधी जयंती पर मोदी और राहुल बच्चों से मिले

पीएम ने कंधे पर हाथ रखकर बातचीत की

श्रद्धांजलि

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली । महात्मा गांधी की 157वीं जयंती पर सत्ता और विपक्ष के सांसद संविधान सदन (पुराने संसद भवन) पहुंचे। यहां उन्होंने महात्मा गांधी श्रद्धांजलि दी।

इस कार्यक्रम में स्कूली बच्चों को भी इनवाइट किया गया था। पीएम मोदी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी ने वहां स्कूली बच्चों से बात की। पीएम छात्रों के एक ग्रुप के पास पहुंचे, स्टूडेंट के कंधे पर हाथ रखकर हालचाल जाना। वहीं राहुल ने एक बच्ची को अपने पास बिठाया और उसे अपने मोबाइल में कुछ दिखाया। इस दौरान बच्ची और राहुल दोनों हंसते नजर आए। इससे पहले सभी नेताओं ने नई दिल्ली में महात्मा गांधी के समाधि स्थल राजघाट पर श्रद्धांजलि दी। महात्मा गांधी के अलावा आज लालबहादुर शास्त्री की भी 122वीं जयंती है।

>> (शेष पेज 06 पर)



- आज से 30 दिन तक चलेगा स्वच्छता अभियान

आराधना मिश्रा बनीं यूपी कांग्रेस की नई अध्यक्ष

इमरान मसूद बनाए गए कार्यकारी अध्यक्ष

बदलाव

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश कांग्रेस में बड़ा संगठनात्मक बदलाव हुआ है. आराधना मिश्रा 'मोना' को उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी का नया अध्यक्ष बनाया गया है. वहीं, सहारनपुर से सांसद इमरान मसूद को कार्यकारी अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है. इनके अलावा पार्टी ने देवेंद्र निषाद और आलोक प्रसाद को वरिष्ठ उपाध्यक्ष नियुक्त किया है.



आराधना मिश्रा प्रतापगढ़ की रामपुर खास विधानसभा सीट से कांग्रेस विधायक हैं और कांग्रेस विधायक दल की नेता भी रह चुकी हैं. वह वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी की बेटी हैं. इमरान मसूद सहारनपुर से लोकसभा सांसद हैं.

>> (शेष पेज 06 पर)

फास्ट न्यूज

संतोषी माता की मूर्ति तोड़ने की कोशिश

हैदराबाद। हैदराबाद के दिलसुखनगर बस डिपो के पास शुक्रवार को एक व्यक्ति ने मंदिर में पुजारी पर हमला किया। उसने देवी की मूर्ति पर भी डंडे मारे। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ जिसमें यह व्यक्ति संतोषी माता मंदिर के गर्भगृह में घुसकर मूर्ति पर डंडे फेंकता हुआ दिखाई दे रहा है।

संबोधन बयान

भागवत बोले- धर्म संकट में आया तो देश खामियाजा भुगतेगा

नई दिल्ली। RSS प्रमुख मोहन भागवत ने शुक्रवार को कहा कि भारत में धर्म और राष्ट्र अलग नहीं हैं। राष्ट्र का उद्देश्य धर्म है और धर्म राष्ट्र को बनाए रखने में मदद करता है। धर्म संकट में आया तो देश खामियाजा भुगतेगा।

मोहन भागवत ने कहा, हमारा राष्ट्र और धर्म अलग नहीं हैं। राष्ट्र का उद्देश्य धर्म है और धर्म राष्ट्र को बनाए रखता है। दोनों एक-दूसरे पर निर्भर हैं। अगर एक मौजूद है, तो दूसरा भी मौजूद है। अगर एक नहीं है, तो दूसरा भी नहीं है। भागवत ने मुंबई में ऑल इंडिया विहार सेवा ग्रुप के 14वें सम्मेलन को संबोधित किया।

एसआईआर में छूटे और नए मतदाताओं के नाम जोड़े जाएंगे

नई दिल्ली । स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (SIR) पूरा कर चुके 20 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में चुनाव आयोग विशेष अभियान चलाएगा। इसमें SIR के दौरान छूटे लोगों और 18 साल की उम्र पूरी कर चुके नए मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में जोड़े जाएंगे।

दुनिया के सबसे ऊंचे ब्रिज पर 100 किमी/घंटा से दौड़ी ट्रेन

रेलवे ने जम्मू-श्रीनगर वंदे भारत का वीडियो पोस्ट किया

तमसा संकेत, एजेंसी

जम्मू । जम्मू-कश्मीर में 1178 फीट की ऊंचाई पर बने दुनिया के सबसे ऊंचे चिनाब रेलवे ब्रिज पर वंदे भारत एक्सप्रेस 100 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ी।

वंदे भारत एक्सप्रेस ने भारत के पहले केबल-स्टे वाले अंजी ब्रिज को भी 100 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से क्रॉस किया। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इसका वीडियो भी शेयर कर इसे ऐतिहासिक पल बताया।

ट्रायल के बाद 111 किलोमीटर लंबे वैष्णो देवी कटरा-बनिहाल सेक्शन पर अधिकतम ट्रेन की स्पीड को 75 किमी/घंटा से बढ़ाकर 100 किमी/घंटा कर दिया गया है।

बता दें कि चिनाब ब्रिज कई ऊंचाई 359 मीटर है। यह फ्रांस के एफिल टावर से 35 माटर ऊंचा है। एफिल टावर की ऊंचाई 330 मीटर है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा, 'वंदे भारत एक्सप्रेस ने एक नया रिकॉर्ड बनाया। इससे यूएसबी-आरएल प्रोजेक्ट पर ट्रेन का संचालन आसान होगा।

>> (शेष पेज 06 पर)



- जम्मू-श्रीनगर के बीच 2 मई से शुरु हुई थी वंदे भारत

एसआईआर का विरोध, ज्ञानेश कुमार का इस्तीफा मांगा, कहा- मुंबई सिर्फ ट्रेलर, दिल्ली में फाइनल होगा

जंतर-मंतर के 68 दिन बाद मुंबई में सीजेपी का प्रदर्शन

मांग

तमसा संकेत, एजेंसी

मुंबई/दिल्ली। कॉकरोच जनता पार्टी ने शुक्रवार को मुंबई के शिवाजी पार्क में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे के लिए प्रदर्शन किया। इस दौरान स्टेज पर मौजूद सभी लोग गांधी जी की फोटो वाली टी-शर्ट पहनकर पहुंचे।

इससे पहले CJP ने 19 जून से 25 जुलाई तक दिल्ली के जंतर-मंतर पर धर्मेंद्र प्रधान (पूर्व शिक्षा मंत्री) के इस्तीफे की मांग को लेकर प्रदर्शन किया था। 36 दिन के विरोध के बाद प्रधान ने इस्तीफा दे दिया था।

CJP के फाउंडर अभिजीत दीपके ने कहा- जब भारत के प्रधानमंत्री अमेरिका जाते हैं, तब भी वहां कहा जाता है कि ये गांधी के देश से आए हैं। गांधी देश की आत्मा हैं, आंबेडकर रीढ़ की हड्डी और नेहरू दिमाग हैं।

>> (शेष पेज 06 पर)



- मुंबई में चल रहे प्रदर्शन के बीच अभिजीत ने आरोप लगाया कि 'एक देश, एक चुनाव' सिर्फ एक नारा है। दरअसल, बीजेपी 'एक देश, एक पार्टी' चाहती है। मुंबई में विरोध प्रदर्शन के दौरान सीजेपी नेता सौरव दास ने कहा कि दिल्ली पुलिस ने फिर से बर्बरता की है, सुधर जाओ वरना हम तुम्हें सुधार देंगे।

राहुल गांधी ने कहा- नौजवान वोट चोरी के खिलाफ सड़कों पर हैं





राहुल गांधी ने X पर पोस्ट कर कहा कि हजारों नौजवान वोट चोरी के खिलाफ अपने संवैधानिक अधिकार के साथ शांतिपूर्वक सड़कों पर हैं। उनकी मांग साफ है कि ज्ञानेश कुमार इस्तीफा दें और लोकतंत्र बचे।

अंबरपुर टोल प्लाजा के पास हादसा तीन गंभीर : छह को मामूली चोटें, दोनों वाहनों के चालक मौके से भागे

झपकी ने छीनी चार यात्रियों की जान, ट्रेलर में घुसी स्लीपर बस

बृजेंद्र वीर सिंह

तमसा संकेत, अंबेडकरनगर। जैतपुर क्षेत्र में गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे पर शुक्रवार सुबह दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। अंबरपुर टोल प्लाजा के पास करीब 5:30 बजे दिल्ली से दरभंगा जा रही एसी स्लीपर बस आगे चल रहे टाइल्स लदे ट्रेलर के दाहिने हिस्से में जा घुसी। पुलिस के अनुसार, बस चालक को झपकी आने के बाद हादसा हुआ। टक्कर इतनी तेज थी कि बस का बायां हिस्सा आगे से पीछे तक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में बस सवार चार यात्रियों की मौत हो गई।

- स्लीपर बॉक्स में सो रहे यात्री सड़क पर जा गिरे रंजन सिंह और आदित्य निवासी गोपालगंज समेत करीब आधा दर्जन यात्रियों को मामूली चोटें आई हैं।



इनमें तीन की पहचान हो गई है, जबकि एक मृतक की पहचान नहीं हो सकी। तीन यात्री गंभीर रूप से घायल हुए हैं। छह अन्य यात्रियों को मामूली चोटें आई हैं।

>> (शेष पेज 06 पर)





तीन यात्रियों की मौके पर ही मौत

हादसे में सचिन कुमार (28) निवासी महुआ छतवारा, वैशाली, बिहार, नौशाद (36) निवासी वाजिदपुर, दरभंगा, बिहार और परवेज अंसारी (34) निवासी आजादनगर हाटा, कुशीनगर की मौके पर मौत हो गई। चौथे मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। गंभीर घायलों में सुमित मिश्रा (28) निवासी रग्घुन कोठी, बिहार, सुमित आनंद (40) निवासी दरभंगा और रिंकू कुमारी (45) निवासी मुजफ्फरपुर नगर, बिहार शामिल हैं। सुमित मिश्रा की हालत नाजुक होने पर उन्हें लखनऊ रेफर किया गया। सुमित आनंद और रिंकू कुमारी का मेडिकल कॉलेज में उपचार चल रहा है।

हादसे के बाद तीन घंटे तक प्रभावित रहा यातायात

हादसे के बाद गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे की एक लेन पर आवागमन बाधित हो गया। करीब तीन घंटे तक वाहनों की आवाजाही प्रभावित रही। इससे एक्सप्रेसवे पर वाहनों की लंबी कतार लग गई।

सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। घायलों को अस्पताल भेजने के साथ यातायात व्यवस्था को संभाला गया। क्षतिग्रस्त वाहनों को हटाने के बाद आवागमन सामान्य कराया गया।

नाम-ओ-निशान बंगाल से टीएमसी का मिट गया : शुभेंदु

नंदीग्राम में बीजेपी प्रत्याशी के लिए प्रचार करने पहुंचे

बयान

तमसा संकेत, एजेंसी

नंदीग्राम । पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने शुक्रवार को नंदीग्राम में BJP प्रत्याशी के लिए प्रचार करने पहुंचे। उन्होंने कहा कि राज्य से तृणमूल कांग्रेस का नाम और निशान मिटा दिया गया है।

अधिकारी ने बताया कि चुनाव आयोग ने ममता बनर्जी और अरूप रॉय गुटों को अलग-अलग नाम और चुनाव चिह्न दिए हैं। किसी का नाम लिए बिना उन्होंने कहा, "मुख्य चोर भी जेल जाएगा।"

अधिकारी BJP की नंदीग्राम उपचुनाव प्रत्याशी हसिरानी रथ के लिए प्रचार कर रहे थे। उन्होंने लोगों से कहा कि वे उपचुनाव में वोटिंग के जरिए सभी प्रतिद्वंद्वी प्रत्याशियों की जमानत जब्त करवाएं।

नंदीग्राम उपचुनाव पूर्व मेदिनीपुर जिले में होगा। इसके अलावा मुर्शिदाबाद जिले की रेजीनगर सीट पर भी उपचुनाव होगा। दोनों सीटों पर 6 अक्टूबर को मतदान होगा।

>> (शेष पेज 06 पर)



- नंदीग्राम में लगातार 2 बार से भाजपा जीत रही

पुलिस ने तर्पण सामग्री छीनी, हिंदू महासभा की जिलाध्यक्ष को जीप में भरकर ले गए

आगरा में गोडसे का श्राद्ध करने पहुंचे हिंदूवादी नेता

हंगामा

तमसा संकेत, एजेंसी

आगरा। आगरा में यमुना आरती स्थल पर गुरुवार को नाथूराम गोडसे के तर्पण और श्रद्धांजलि कार्यक्रम को लेकर हंगामा हो गया। अखिल भारतीय हिंदू महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अज्जू चौहान और जिलाध्यक्ष मीरा राठौर करीब 10 से 15 कार्यकर्ताओं के साथ कार्यक्रम करने पहुंचे थे। कार्यकर्ताओं के हाथों में तर्पण की सामग्री थी।

मौके पर पहले से तैनात पुलिस ने कार्यकर्ताओं को रोक दिया। इस दौरान पुलिस और महासभा



कार्यकर्ताओं के बीच नोकझोंक हुई। पुलिस ने उनके हाथों से तर्पण की सामग्री छीन ली। फिर पुलिस ने सभी कार्यकर्ताओं को हिरासत में ले लिया। पुलिस सभी को बाइक और जीप से थाने ले गई।

हिंदू महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अज्जू चौहान ने 2 अक्टूबर को गोडसे के तर्पण और श्रद्धा कार्यक्रम का ऐलान किया था। शहर में कार्यक्रम के पोस्टर लगाए थे। गांधीवादी संगठनों ने इसका विरोध किया। पुलिस प्रशासन से शिकायत कर पोस्टर हटाने की मांग की। ये भी कहा कि यह कार्यक्रम नहीं होना चाहिए। तनाव की स्थिति बनने पर पुलिस ने गुरुवार रात पोस्टरों को हटा दिया।

इसके बाद शुक्रवार सुबह से ही यमुना किनारे और शहर के प्रमुख चौराहों पर पुलिस फोर्स तैनात कर दी गई। जिलाध्यक्ष मीरा

तर्पण सामग्री को लेकर भी हुई नोकझोंक

कार्यक्रम के ऐलान के बाद गुरुवार सुबह 11 बजे अज्जू चौहान और जिलाध्यक्ष मीरा राठौर कार्यकर्ताओं के साथ बेलनगंज स्थित यमुना आरती स्थल पहुंचे। पुलिस ने उनसे कार्यक्रम की अनुमति दिखाने को कहा। पुलिस के मुताबिक, आयोजकों के पास कार्यक्रम की कोई अनुमति नहीं थी। पुलिस ने कार्यकर्ताओं से वापस जाने के लिए कहा, लेकिन वे कार्यक्रम करने पर अड़े रहे। इसके बाद पुलिस ने सभी को हिरासत में ले लिया। कार्यकर्ताओं का आरोप है कि पुलिस ने उनके हाथों से तर्पण की सामग्री छुड़ा ली। इसी बात को लेकर मौके पर पुलिस और कार्यकर्ताओं के बीच बहस हुई। पुलिस का कहना है कि बिना अनुमति कार्यक्रम करने की इजाजत नहीं दी जा सकती थी।

मीरा राठौर बोलीं- हमें कार्यक्रम नहीं करने दिया गया

जिलाध्यक्ष मीरा राठौर ने कहा, नाथूराम गोडसे ने महात्मा गांधी को गोली मारी थी। इसके बाद नाथूराम गोडसे शहीद हो गए थे। आज हम अपने शहीद और रोल मॉडल नाथूराम गोडसे की श्रद्धा करने के लिए पहुंचे थे, लेकिन पुलिस हमें परेशान कर रही है। उन्होंने कहा कि संगठन यहां भंडारा भी करना चाहता था, लेकिन पुलिस ने इसकी अनुमति नहीं दी। मीरा राठौर ने आरोप लगाया कि संगठन के हर कार्यक्रम को रोका जाता है, जबकि वे कार्यक्रम शांतिपूर्ण तरीके से करते हैं।



राठौर ने कहा, नाथूराम गोडसे ने महात्मा गांधी को गोली मारी थी। इसके बाद नाथूराम गोडसे शहीद हो गए थे। आज हम अपने शहीद और रोल मॉडल नाथूराम गोडसे की श्रद्धा करने के लिए पहुंचे थे, लेकिन पुलिस हमें परेशान कर रही है। उन्होंने कहा कि संगठन यहां भंडारा भी करना चाहता था, लेकिन पुलिस ने इसकी अनुमति नहीं दी। मीरा राठौर ने आरोप लगाया कि संगठन के हर कार्यक्रम को रोका जाता है, जबकि वे कार्यक्रम शांतिपूर्ण तरीके से करते हैं।

सूचना विभाग में गांधीजी एवं शास्त्रीजी की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ । सूचना निदेशक श्री विशाल सिंह के मार्ग दर्शन में राष्ट्रपिता महात्मा गांधीजी एवं पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती आज सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ में हर्षोल्लास, श्रद्धा एवं गरिमापूर्ण वातावरण में मनाई गई।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग मुख्यालय के सभागार में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ अपर निदेशक श्री अरविन्द कुमार मिश्र द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधीजी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी के चित्रों पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इसके पश्चात उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी दोनों महान विभूतियों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रपिता के प्रिय भजन 'वैष्णव जन तो तैने कहिए' का सस्वर पाठ भी किया गया।

अपने संबोधन में अपर निदेशक श्री अरविन्द कुमार मिश्र ने दोनों



महापुरुषों के कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी जी का जीवन सत्य, अहिंसा, त्याग और सादगी का प्रतीक है। उन्होंने सत्याग्रह के माध्यम से न केवल भारत को ब्रिटिश हुकूमत से स्वतंत्रता दिलाई, बल्कि पूरी दुनिया को शांतिपूर्ण संघर्ष का मार्ग दिखाया। उनका चरखा, उनकी लाठी और उनके विचार आज भी भारत की आत्मा में जीवित हैं। बापू ने हमें सिखाया कि साधन की पवित्रता साध्य से भी अधिक महत्वपूर्ण है। स्वच्छता को लेकर उनका आग्रह आज स्वच्छ भारत मिशन के रूप में साकार हो रहा है।

फास्ट न्यूज

एबीवीपी कार्यकर्ता विश्वनाथ मंदिर के बाहर मुर्दा बनकर लेटे

वाराणसी । काशी हिंदू विश्वविद्यालय में चीफ प्रॉक्टर को हटाने समेत विभिन्न मांगों को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का आंदोलन लगातार जारी है। शुक्रवार को प्रदर्शनकारियों ने विरोध का अनोखा तरीका अपनाया। ABVP कार्यकर्ता विश्वविद्यालय के विश्वनाथ मंदिर के बाहर प्रतीकात्मक शव बनकर जमीन पर लेट गए और विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन किया।

डॉ. टीके लाहिड़ी थप्पड़ विवाद

वाराणसी। वाराणसी में काशी हिंदू विश्वविद्यालय (BHU) के मशहूर कार्डियोथोरेसिक सर्जन और पद्मश्री डॉ. टीके लाहिड़ी से जुड़े थप्पड़ विवाद में नया मोड़ आया है। अब मुख्यमंत्री कार्यालय ने इस मामले में पुलिस कमिश्नर से रिपोर्ट तलब की है।

यह कार्रवाई IGRS (CM पोर्टल) पर दर्ज शिकायत के आधार पर की गई है। मामले में अपर पुलिस उपायुक्त प्रोटोकॉल की ओर से तैयार जांच रिपोर्ट 30 सितंबर को मुख्यमंत्री कार्यालय भेज दी गई है। अब इस रिपोर्ट के आधार पर होने वाली कार्रवाई का इंतजार है।

ससुर बोला- बेटा मंदबुद्धि है, मेरे साथ रहो

गोरखपुर । गोरखपुर में शादीशुदा महिला ने ससुर पर छेड़छाड़ का आरोप लगाया है। उसका कहना है कि आए दिन ससुर कमरे में घुस जाता और अपने साथ रहने के लिए दबाव बनाता था। कहता था कि बेटा मंदबुद्धि है, मेरे साथ पत्नी की तरह रहो, तुम्हारा खर्च उठाऊंगा। मना करने पर पीटता था और घर से निकालने की धमकी भी देने लगा।

बीएचयू की दो महिला प्रोफेसर के साथ धोखाधड़ी

ठगों ने फ्लैट दिलाने के नाम पर 30 लाख लिया

तमसा संकेत, एजेंसी

वाराणसी। काशी हिंदू विश्वविद्यालय (BHU) की दो महिला प्रोफेसरों से फ्लैट बुकिंग के नाम पर 30 लाख रुपए की कथित धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। सुंदरपुर के बृज एन्क्लेव में फ्लैट बुक कराने के बाद भी कब्जा नहीं मिला। पुलिस ने रकम वापस करने के लिए दिए गए चेक बाउंस होने पर बिल्डर अविनाश उपाध्याय, उसके भाई कालिंदी उपाध्याय, ऋषिकेश उपाध्याय और मां के खिलाफ FIR दर्ज की है। इस मामले में BHU की शिक्षिका डॉ. शबनम ने भी 23 सितंबर को प्राथमिकी दर्ज कराई थी। डॉ. रीता सिंह की शिकायत के मुताबिक, मई 2021 में उन्होंने और डॉ. शबनम ने सुंदरपुर निवासी बिल्डर अविनाश उपाध्याय के प्रोजेक्ट में एक-एक फ्लैट बुक कराया था।



दोनों ने फ्लैट के लिए 15-15 लाख रुपए दिए थे। बिल्डर ने जून 2022 तक फ्लैट बनाकर कब्जा देने का वादा किया था। एग्रीमेंट में यह भी तय किया गया था कि निर्धारित समय पर फ्लैट नहीं मिलने की स्थिति में पूरी रकम ब्याज समेत वापस की जाएगी।

आरोप है कि तय समय बीतने के बाद भी दोनों को फ्लैट नहीं दिए गए। शिकायतकर्ता के अनुसार, दोनों प्रोफेसरों ने बिल्डिंग के दूसरे तल पर फ्लैट बुक कराए थे। लेकिन इनका निर्माण अब तक पूरा नहीं हुआ है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि पिछले करीब दो वर्षों से बिल्डर का फोन भी बंद है।

कुशीनगर में 8 घर-झोपड़ियां नदी में समाईं, लखनऊ में सई-गोमती नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा

15 नदियां उफनाईं, गोंडा में 30 गांव टापू बने

तमसा संकेत, एजेंसी

वाराणसी, लखनऊ। यूपी में बारिश थम गई है, लेकिन नदियां अब भी उफान पर हैं। गंगा, शारदा समेत 15 नदियां खतरे के निशान के करीब बह रही हैं। उन्नाव में सई नदी का पानी 12 से ज्यादा गांवों में घुस गया है। हजारों बीघे धान की फसल डूब गई। सड़कें जलमग्न हैं। घरों-दुकानों में पानी भर गया है।

लखनऊ में सई-गोमती नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। निचले इलाकों में 5 फीट तक पानी भर गया है। सड़कें जलमग्न हैं। बाराबंकी में सरयू उफान पर है। 1100 साल पुराने बाबा नारायण दास मंदिर का एक हिस्सा 4 दिन से नदी में लटका है। कुशीनगर में गंडक नदी लगातार



कटान कर रही है। 48 घंटे में 6 रिहायशी झोपड़ियां और 2 पक्के मकान नदी में समा चुके हैं।

मौसम विभाग ने आज किसी भी जिले में बारिश का अलर्ट जारी नहीं किया है। सुबह से ज्यादातर जिलों में धूप निकली है। यूपी में मानसूनी सीजन खत्म हो गया है। दक्षिण-पश्चिम मानसून का समय 1 जून से 30 सितंबर तक माना जाता है। इस सीजन 8% ज्यादा बारिश हुई। मानसून की विदाई भी शुरू हो गई है। मुजफ्फरनगर-अलीगढ़ समेत पश्चिमी यूपी के कुछ हिस्सों से मानसून लौट चुका है। वाराणसी में BHU के मौसम वैज्ञानिक

गोंडा में घाघरा खतरे के निशान से 26 सेमी ऊपर बह रही है। 30 गांव टापू में तब्दील हो गए हैं। 25 हजार से ज्यादा की आबादी बाढ़ में फंसी है। गलियों में नावें चल रही हैं। गुरुवार शाम टेढ़ी नदी में नहाने गए 3 बच्चे डूब गए। 2 की मौत हो गई, जबकि एक को बचा लिया गया।



गोंडा में घाघरा नदी के बाढ़ का पानी लोगों के घरों में घुस गया है

गोंडा में आज शुक्रवार सुबह 8 बजे घाघरा नदी लाल निशान से 10 सेंटीमीटर नीचे दर्ज की गई। केंद्रीय जल आयोग के मुताबिक बीते 24 घंटों के दौरान इसमें 16 सेमी की गिरावट आई है। हालांकि कई गांव के किनारे और अंदर से बाढ़ का पानी उतरने के साथ ही तटवर्ती इलाकों में कटान की नई विभीषिका शुरू हो गई है। नदी का जलस्तर कम होने के बाद भी तरबगंज व करनैलगंज तहसीलों के करीब 27 मजरों की 23 हजार लोग प्रभावित हैं।

मनोज श्रीवास्तव ने बताया-1 जून से 30 सितंबर 2026 के

बलिया में गंगा-सरयू उफान पर, पानी पार कर घर लौटे स्कूली बच्चे

बलिया में गंगा और सरयू नदी उफान पर हैं। शहर के निचले इलाकों समेत कई गांवों में बाढ़ का पानी पहुंच गया है। सरयू के बढ़ते जलस्तर से हालात तेजी से बदल रहे हैं। इसका अंदाजा गोपालनगर के एक निजी विद्यालय की स्थिति से लगाया जा सकता है। गुरुवार सुबह 8 बजे विद्यालय खुला तो आसपास पानी नहीं था, लेकिन दोपहर 2 बजे छुट्टी के समय विद्यालय के बाहर बाढ़ का पानी पहुंच चुका था।

ग्रामीणों के मुताबिक, कुछ ही घंटों में पानी बढ़ने से विद्यालय से बाहर निकलने का रास्ता जलमग्न हो गया। छुट्टी के बाद बच्चों को बाढ़ के पानी से होकर घर लौटना पड़ा।

मानसून सीजन में पूरे यूपी में सामान्य बारिश हुई है। आमतौर पर जितनी बारिश होती है, इस साल उससे 8% ज्यादा कुल 802.9 मिमी बारिश हुई।

खबर का हुआ असर सड़क किनारे हुए गड्ढों को भरने का काम शुरू

तमसा संकेत, संवाददाता

सूरतगंज (बाराबंकी)। सूरतगंज से झंझरा जाने वाले मार्ग पर सड़क के किनारे बने गहरे गड्ढों और उससे राहगीरों को हो रही परेशानी को लेकर हिंदी दैनिक तमसा संकेत में प्रमुखता से खबर प्रकाशित किए जाने के बाद जिम्मेदार विभाग हरकत में आया है। खबर का संज्ञान लेते हुए सड़क किनारे बने गड्ढों को भरने का कार्य शुरू कर दिया गया है। इससे मार्ग से गुजरने वाले राहगीरों और वाहन चालकों ने राहत की सांस ली है। बताते चलें कि सूरतगंज-झंझरा मार्ग क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग है। इस मार्ग से प्रतिदिन बड़ी संख्या में ग्रामीण, छात्र-छात्राएं, व्यापारी और अन्य लोग आवागमन करते हैं। सड़क के किनारे कई स्थानों पर मिट्टी कटने और बारिश के कारण गहरे गड्ढे बन गए थे। कई जगह सड़क का किनारा कमजोर होने से वाहन



चालकों के लिए दुर्घटना का खतरा बना हुआ था। विशेषकर रात के समय इन गड्ढों के कारण हादसे की आशंका और बढ़ जाती थी।ग्रामीणों और राहगीरों की समस्या को हिंदी दैनिक तमसा संकेत समाचार पत्र ने प्रमुखता से उठाते हुए सड़क की स्थिति को जिम्मेदार विभाग के सामने रखा। गड्ढों में, गिट्टी आदि सामग्री डालकर उन्हें समतल करने का कार्य किया जा रहा है। काम शुरू होने के बाद मार्ग से गुजरने वाले लोगों ने कहा कि यदि इसी तरह समय रहते सड़क की खामियों को दूर किया जाता रहे तो हादसों पर काफी हद तक अंकुश लगाया जा सकता है। ग्रामीणों का कहना है कि बरसात के दौरान सड़क के किनारे पानी जमा होने और मिट्टी कटने के कारण समस्या और गंभीर हो जाती है। ऐसे में केवल गड्ढे भरना ही नहीं, बल्कि सड़क के किनारों को मजबूत करने और जल निकासी की समुचित व्यवस्था करने की भी आवश्यकता है, ताकि भविष्य में दोबारा ऐसी स्थिति न बने। खबर प्रकाशित होने के बाद शुरू हुए कार्य को लेकर स्थानीय लोगों ने तमसा संकेत समाचार पत्र के प्रति आभार जताते हुए कहा कि क्षेत्र की समस्याओं को प्रमुखता से उठाने से जिम्मेदार विभागों तक उनकी आवाज पहुंचती है और उसका असर भी दिखाई देता है।

8 अक्टूबर तक चलाएगी जागरूकता अभियान, सपा-कांग्रेस गठबंधन पर बातचीत जारी

वोट चोरी पर सपा ने निर्वाचन आयोग से मांगा इस्तीफा

जांच

तमसा संकेत, एजेंसी

बाराबंकी। बाराबंकी में समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय सचिव और पूर्व मंत्री अरविंद सिंह गोप ने वोट चोरी और मतदाता सूची से नाम काटे जाने के आरोपों को लेकर निर्वाचन आयोग पर निशाना साधा। शुक्रवार को उन्होंने आयोग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए इस्तीफे की मांग की। गोप ने आरोप लगाया कि मतदाता सूची से लोगों के नाम फर्जी तरीके से काटे जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए



मताधिकार को सुरक्षित रखना जरूरी है। गोप ने बताया कि सपा 2 से 8 अक्टूबर तक गांव-गांव जागरूकता अभियान चलाएगी। इसके तहत पार्टी कार्यकर्ता लोगों को मतदाता सूची की जांच करने, अपने नाम की स्थिति जानने और मताधिकार के प्रति जागरूक रहने की जानकारी देंगे। गोप ने दावा किया कि भाजपा के



गठबंधन को लेकर भ्रम न फैलाने की अपील

सपा-कांग्रेस गठबंधन को लेकर अरविंद सिंह गोप ने कहा कि अखिलेश यादव और राहुल गांधी के बीच बातचीत जारी है। उन्होंने दोनों दलों के नेताओं से गठबंधन को लेकर किसी तरह का भ्रम न फैलाने की अपील की। गोप ने कहा कि अखिलेश यादव 2027 के विधानसभा चुनाव में गठबंधन को आगे बढ़ाने की बात कह चुके हैं।

कई विधायक सपा के संपर्क में हैं। उन्होंने भाजपा को अपना घर संभालने की सलाह दी। वहीं, बसपा प्रमुख मायावती की ओर से परिवारवाद को लेकर लगाए गए आरोपों पर भी उन्होंने जवाब दिया। हालांकि, भाजपा विधायकों के सपा के संपर्क में होने के दावे और मतदाता सूची में कथित गड़बड़ियों के आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है।

बारा टोल प्लाजा पर आमने सामने भिड़ीं दो बाइक

- बाराबंकी के हैदरगढ़ में नाबालिग बच्ची समेत पांच घायल, दो हायर सेंटर रेफर





तमसा संकेत, एजेंसी

हैदरगढ़ । बाराबंकी के हैदरगढ़ कोतवाली क्षेत्र में बारा टोल प्लाजा के पास शुक्रवार को दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। इस हादसे में एक नाबालिग बच्ची समेत कुल पांच लोग घायल हो गए। दुर्घटना के बाद मौके पर हड़कंप मच गया।

स्थानीय लोगों ने तुरंत 112 पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर 108 एंबुलेंस की मदद से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगढ़ पहुंचाया। यहां डॉक्टरों ने उनका शुरुआती इलाज किया। घायलों में लक्ष्मी (30, पत्नी नरेंद्र) और दशरथ (35, पुत्र रामफेर) की हालत गंभीर होने पर उन्हें आगे के इलाज के लिए बड़े अस्पताल रेफर कर दिया गया। नरेंद्र (32) अपनी पत्नी लक्ष्मी के साथ दवा लेने जा रहे थे। दूसरी बाइक पर दशरथ (35), हरिबक्श (54) और सौम्या (10) सवार थे। ये लोग गोसुपुर से लखनऊ अस्पताल एक मरीज को देखने के लिए जा रहे थे। पुलिस मामले में कार्रवाई कर रही है।

रणनीति : वाराणसी में विनोद तावड़े बोले-विपक्ष का नैरेटिव तोड़ेगा आईटी-सेल

सपा-कांग्रेस की पोस्ट पर 30 मिनट में काउंटर करेगी बीजेपी

तमसा संकेत, एजेंसी

वाराणसी । उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2027 की तैयारियों के बीच भाजपा ने सोशल मीडिया पर अपनी सक्रियता बढ़ाने की रणनीति बनाई है। वाराणसी में शुक्रवार को पार्टी के प्रदेश प्रभारी विनोद तावड़े ने सोशल मीडिया से जुड़े पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ कार्यशाला की। इसमें सोशल मीडिया पर सामने आने वाले विपक्षी दावों और पार्टी की सरकारों से जुड़े मुद्दों का जवाब जल्द देने पर जोर दिया गया। कार्यशाला में डिजिटल टीम के लिए 30 मिनट के भीतर जवाब देने का टास्क रखा गया है। विपक्षी दलों या नेताओं की ओर से किसी मुद्दे पर पोस्ट या नैरेटिव



सामने आने पर उसकी जानकारी जुटाकर जल्द काउंटर तैयार किया जाएगा। इसके लिए यूपी के प्रभारी विनोद तावड़े और सह प्रभारी जगदीश पटेल ने 4 घंटे की क्लास चलाई। कमिश्नरी सभागार में कार्यकर्ताओं को ट्रेनिंग दी गई, उन्हें चुनावी बयानों और विरोधियों के पोस्ट का उदाहरण भी दिया गया। शुक्रवार को यूपी प्रभारी विनोद तावड़े ने कार्यकर्ताओं को चुनाव में जीत के लिए जमीन के साथ मोबाइल में सक्रियता का मंत्र दिया। उन्होंने



30 मिनट में काउंटर प्लान

विनोद तावड़े ने युवा कार्यकर्ताओं से संवाद किया। ऐसे कार्यकर्ता जो सोशल मीडिया पर अधिक एक्टिव हैं, उन्हें उन्होंने गुरु मंत्र दिया है। तावड़े ने आईटी सेल को फेक न्यूज़ आर्मी के खिलाफ फैक्ट जारी करने की बात कही।

समाजवादी पार्टी, अखिलेश यादव के साथ ही कांग्रेस नेता राहुल गांधी या विपक्ष के किसी भी तरह से नैरेटिव सेट करके कंटेंट ट्वीट या सोशल मीडिया पर डाला जाता है, तो 30 मिनट के अंदर काउंटर किया जाना चाहिए।

विपक्ष द्वारा सोशल मीडिया पर फैलाई जा रहे नैरेटिव का 30 मिनट के भीतर जवाब देना अटैक जनता के बीच मजबूत करेगा। अब नैरेटिव में नहीं फंसने वाली है, इसके लिए भाजपा ने कई तैयारी की है।

सोशल मीडिया कार्यशाला में कार्यकर्ताओं को हर पोस्ट पर धैर्य से जवाब देने और सही सूचनाएं प्रसारित करने का गुर सिखाया।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं आरती देवी पुत्री विक्रमलाल पत्नी विरेन्द्र प्रताप निवासी ग्राम गोवा मंझारा थाना व परगना मोहम्मदपुर खाला पोस्ट भिटौली तहसील रामनगर जनपद बाराबंकी की मूल निवासी हूं। मै हाईस्कूल परीक्षा श्री बिंद्रा प्रसाद एमडीजी एचए-सएस डफ़ारा सीतापुर उ० प्र० से वर्ष 2015 में उत्तीर्ण की थी जिसका अनुक्रमांक 1100303 हैं , तथा इण्टरमीडिएट की परीक्षा संजू प्रजापति स्मारक इण्टर कॉलेज सेमरी चौराहा जनपद सीतापुर उ० प्र० से वर्ष 2017 में उत्तीर्ण की थी, जिसका अनुक्रमांक 0796644 अनुक्रमांक 1100303 है कि उक्त दोनों अंकपत्र सूरतगंज फोटो कांपी कराने गई थी जो कही वास्तव में गिर गए हैं। जो काफी ढूंढने के बावजूद नहीं मिल सके है। जो किसी को मिलने पर कृपया उपरोक्त पते पर सूचित करने की कृपा करें।

1,573 गांवों की योजनाओं की समीक्षा, 1,009 गांवों में पहुंच रहा पानी, धनतेरस पर 50 गांवों में होगा 'जल अर्पण' कार्यक्रम

जल जीवन मिशन में 353 ओएचटी तैयार

समीक्षा

- 1,573 गांवों की योजनाओं की समीक्षा, 1,009 गांवों में पहुंच रहा पानी धनतेरस पर 50 गांवों में होगा 'जल अर्पण' कार्यक्रम

बृजेंद्र वीर सिंह

तमसा संकेत, अंबेडकरनगर। जल जीवन मिशन के तहत जिले में चल रही पेयजल योजनाओं की शुक्रवार को समीक्षा की गई। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी ईशा प्रिया की अध्यक्षता में हुई बैठक में 1,573 गांवों में संचालित और निर्माणाधीन योजनाओं की प्रगति देखी गई। ओएचटी निर्माण, जलापूर्ति, शिकायतों के निस्तारण और सड़क पुनर्स्थापन की स्थिति पर अधिकारियों से जानकारी ली गई। जिलाधिकारी ने दोनों कार्यदायी फर्मों विंध्य टेलीलिंक्स और वेलस्पन एंटरप्राइजेज के प्रोजेक्ट मैनेजरों को सड़क पुनर्स्थापन में तेजी लाने के निर्देश दिए। जल निगम ग्रामीण मुख्यालय की ओर से एक अक्टूबर से 10 नवंबर तक सड़क पुनर्स्थापन अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने पाइपलाइन बिछाने के दौरान क्षतिग्रस्त हुई सभी सड़कों का शत-प्रतिशत पुनर्स्थापन कराने को कहा। गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय सीमा में काम पूरा करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने धनतेरस के अवसर पर जिले के 50 गांवों में 'जल अर्पण' कार्यक्रम आयोजित कराने के निर्देश दिए। इसके अलावा 92 शिरोपारी जलाशयों के बचे कार्यों को अक्टूबर के अंत तक पूरा कर उन्हें क्रियाशील कराने को कहा। उन्होंने जल जीवन मिशन के कार्यों की नियमित निगरानी, थर्ड पार्टी निरीक्षण और लंबित कार्यों को प्राथमिकता से पूरा कराने पर जोर दिया। जल जीवन मिशन से संबंधित जानकारी और शिकायत दर्ज कराने के लिए 'जल सारथी' ऐप डाउनलोड करने की अपील की गई। सड़क मरम्मत से जुड़ी शिकायत में संबंधित स्थल का वीडियो ऐप के माध्यम से अपलोड किया जा सकता है।



बैठक में आईजीआरएस और जल जीवन मिशन हेल्पलाइन पर लंबित शिकायतों की भी समीक्षा हुई। जिलाधिकारी ने शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण करने को कहा। शिकायत दूर होने के बाद संबंधित व्यक्ति से फीडबैक लेकर उसकी संतुष्टि सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

अब क्षतिग्रस्त सड़कों की होगी शत-प्रतिशत मरम्मत

571 में 353 ओएचटी का निर्माण पूरा

बैठक में बताया गया कि जिले में 571 ओवरहेड टैंक (ओएचटी) बनाए जाने हैं। इनमें 353 का निर्माण पूरा हो चुका है। पिछली समीक्षा के बाद 27 ओएचटी का निर्माण पूरा हुआ है। जिले की 229 पेयजल योजनाओं के सभी कार्य पूरे कर उन्हें संचालन एवं रखरखाव के लिए हस्तांतरित किया जा चुका है। इन योजनाओं से नियमित जलापूर्ति की जा रही है। वहीं 342 योजनाओं को निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार पूरा कराया जा रहा है। वर्तमान में 1,009 गांवों में जलापूर्ति की जा रही है।

चुनाव आयोग के खिलाफ सपा का मोर्चा, 8 अक्तूबर तक 'लोकतंत्र बचाओ पखवाड़ा'

अंबेडकरनगर में प्रेसवार्ता कर सांसद लालजी वर्मा ने आयोग की कार्यप्रणाली पर उठाए सवाल, मतदाता सूची से हटाए नाम बहाल करने की मांग

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली को लेकर समाजवादी पार्टी ने आंदोलन तेज करने का एलान किया है। बुधवार को सपा कार्यालय में प्रेसवार्ता कर राष्ट्रीय महासचिव व सांसद लालजी वर्मा ने आयोग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए। उन्होंने 2 से 8 अक्तूबर तक 'लोकतंत्र बचाओ पखवाड़ा' मनाने की घोषणा की।

लालजी वर्मा ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर मनमानी करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रक्रिया में संविधान और लोकतांत्रिक अधिकारों की अनदेखी की जा रही है। सपा नेता ने मतदाता सूची से हटाए गए नामों को तत्काल बहाल करने की मांग भी उठाई।

लालजी वर्मा ने दावा किया कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार की कार्यप्रणाली के चलते देशभर में करीब 13 करोड़ मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटा दिए गए। उन्होंने इन नामों को तत्काल बहाल करने की मांग की।

उन्होंने कहा कि संविधान के अनुसार तीनों चुनाव आयुक्तों को बराबर अधिकार प्राप्त हैं। इसके बावजूद मुख्य चुनाव आयुक्त द्वारा मनमाने तरीके से निर्णय लिए जाने का आरोप लगाया।

सपा नेता ने कहा कि पार्टी और इंडिया गठबंधन की ओर से राष्ट्रपति से मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को बर्खास्त करने की मांग की जाएगी। इसके लिए आंदोलन को जिला स्तर से आगे बढ़ाने की तैयारी की जाएगी। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता और मतदाताओं के अधिकारों से जुड़े सवालों को लेकर पार्टी जनता के बीच जाएगी। प्रेसवार्ता में 2 से 8 अक्तूबर तक चलने वाले 'लोकतंत्र बचाओ पखवाड़ा' के दौरान विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी दी गई। सपा ने चुनाव आयोग से जुड़े मुद्दों को लेकर कार्यकर्ताओं और जनता के बीच पहुंच बनाने की बात कही।



प्रेसवार्ता में सपा नेताओं ने मतदाता सूची, चुनावी प्रक्रिया और आयोग की कार्यप्रणाली से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। पार्टी ने इन मुद्दों को लेकर आगे भी आंदोलन जारी रखने का एलान किया।

फास्ट न्यूज

गोरखपुर में नो पार्किंग जोन से गाड़ी उठाने पर विवाद

गोरखपुर । गोरखपुर में नो पार्किंग जोन से उठाई गई गाड़ियों को लेकर विवाद सामने आया है। आरोप है कि एक बाइक और स्कूटी उठाकर गोलघर स्थित मल्टी लेवल पार्किंग लेकर आई गई थी। जहां से आरोपियों ने बिना टोइंग चार्ज दिए गाड़ी ले जाने का प्रयास किया। रोकने पर कर्मचारियों से गाली- गलौज करने लगे। साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी।

चंद्रिका प्रसाद को भाजपा अनुसूचित मोर्चा में प्रदेश मंत्री की जिम्मेदारी

अंबेडकरनगर। जलालपुर नगर निवासी चंद्रिका प्रसाद को भाजपा अनुसूचित मोर्चा का प्रदेश मंत्री बनाए जाने पर गुरुवार रात नेताओं और कार्यकर्ताओं ने बधाई दी। पार्टी की नई प्रदेश टीम में चंद्रिका प्रसाद समेत 12 नेताओं को प्रदेश मंत्री की जिम्मेदारी दी गई है। नियुक्ति की जानकारी के बाद वरिष्ठ नेता केशरी नंदन त्रिपाठी, भाजपा नगर अध्यक्ष संदीप अग्रहरि, सुरेश गुप्त, विकास निषाद, विकास सोनकर, शिवम आर्या और गोपाल सोनकर उनके आवास पहुंचे। नेताओं ने माला पहनाकर और मिठाई खिलाकर उन्हें बधाई दी।

वाराणसी के स्कूल में मनी गांधी जयंती

वाराणसी । वाराणसी के क्राइस्ट नगर, चांदमारी स्थित श्री रामेश्वर महादेव इंटर कॉलेज में शुक्रवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती अत्यंत हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. शरदेंदु नारायण राय द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराकर किया गया। इसके पश्चात प्रधानाचार्य ने विद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान की शुरुआत की, जिसमें शिक्षकों और छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर अपनी सहभागिता दर्ज कराई।

गांधी-शास्त्री जयंती पर अकबरपुर में सफाई से पौधारोपण तक चला अभियान

नगर पालिका कार्यालय में ध्वजारोहण और स्वच्छता शपथ

तमसा संकेत, संवाददाता

अकबरपुर। गांधी जयंती और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर शुक्रवार को नगर पालिका परिषद अकबरपुर में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। सुबह नगर पालिका कार्यालय में ध्वजारोहण के बाद दोनों महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। इसके बाद स्वच्छता शपथ दिलाई गई। दिनभर स्वच्छता, पौधारोपण और सम्मान कार्यक्रम चलते रहे।

नगर पालिका की ओर से स्वच्छता ही सेवा-2026 के तहत 157 घंटे के महा सफाई अभियान के तहत विभिन्न स्थानों पर सफाई कराई गई। अभियान में चिन्हित सीटीयू यानी स्वच्छता लक्षित इकाइयों की सफाई की गई। इन स्थलों पर सौंदर्यीकरण का काम भी कराया गया।

शिव बाबा धाम स्थित सीटीयू स्थल की सफाई के बाद वहां पौधारोपण किया गया। इसके अलावा शिव बाबा स्थित वेस्ट टू वंडर पार्क में भी पौधे लगाए गए। कार्यक्रम में सभासदों ने भी सहभागिता की। 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत नगर पालिका की टीम वृद्धाश्रम पहुंची। वहां विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। इसके बाद परिसर में फलदार और छायादार पौधे लगाए गए। स्वच्छ भारत दिवस के अवसर पर स्वच्छता ही सेवा-2026 में बेहतर कार्य करने वाले स्वच्छता नायकों और स्वच्छता मित्रों को सम्मानित किया गया। उन्हें प्रशस्ति पत्र, टी-शर्ट और टोपी दी गई।



तेज रफ्तार वाहनों पर चलेगा चालान, सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में डीएम के निर्देश

दशहरे से पहले सड़कों की होगी पैच मरम्मत

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। दशहरे से पहले जिले की प्रमुख सड़कों को दुरुस्त कराने और यातायात व्यवस्था को सुरक्षित बनाने की तैयारी शुरू हो गई है। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी ईशा प्रिया की अध्यक्षता में हुई जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम को लेकर कई निर्देश दिए गए। लोक निर्माण विभाग और राष्ट्रीय राजमार्ग से जुड़े अधिकारियों को प्रमुख मार्गों की पैच मरम्मत दशहरे से पहले पूरी कराने को कहा गया।

बैठक में लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता ने बताया कि पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष जिले में सड़क दुर्घटनाओं में कमी आई है। जिलाधिकारी ने दुर्घटनाओं में और कमी लाने के लिए सड़क सुरक्षा से जुड़े उपायों को प्रभावी ढंग से लागू करने के निर्देश दिए। स्कूली वाहनों की सुरक्षा को लेकर भी बैठक में निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने एआरटीओ को सभी स्कूली वाहनों की फिटनेस लगातार दुरुस्त रखने के लिए कहा।

जिला विद्यालय निरीक्षक को स्कूल परिवहन सुरक्षा समितियों का गठन कराने के निर्देश दिए गए। आगामी बैठक से पहले कम से कम पांच विद्यालयों में पांच महिला परिचालकों की नियुक्ति सुनिश्चित कराने को कहा गया।



सम्हरिया चौराहे के ट्रैंगल्स का होगा सुंदरीकरण

जिलाधिकारी ने एनएचएआई को सम्हरिया चौराहे पर बने ट्रैंगल्स का सुंदरीकरण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने सड़क किनारे और प्रमुख मार्गों पर सुरक्षा से जुड़े इंतजाम दुरुस्त रखने पर भी जोर दिया। लोक निर्माण विभाग और राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारियों को दशहरे से पहले प्रमुख सड़कों की पैच मरम्मत पूरी करने के निर्देश दिए गए। त्योहार के दौरान यातायात बढ़ने को देखते हुए समय से काम पूरा करने पर विशेष जोर रहा।

'मेरे सपनों का भारत' में पंखुड़ी ने बनाई पहली जगह

जिला स्तरीय प्रतियोगिता में 30 छात्रों ने लिया हिस्सा

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। सेवा संकल्प अभियान के तहत शुक्रवार को 'मेरे सपनों का भारत' चित्रकला प्रतियोगिता का जिला स्तरीय आयोजन हुआ। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय स्थित डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन हाल में आयोजित प्रतियोगिता में 30 छात्रों ने हिस्सा लिया। विकासखंड स्तर पर प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान हासिल करने वाले छात्रों ने जिला स्तर पर प्रतिभाग किया।

प्रतियोगिता में कंपोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय समिति जहांगीरगंज की पंखुड़ी मौर्य ने प्रथम स्थान हासिल किया। कंपोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय अलऊपुर, जहांगीरगंज के हर्ष द्वितीय रहे। कंपोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय नगपुर, जलालपुर की इशिका ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। कंपोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय किछौछा, बसखारी के शिवम चौथे और उच्च प्राथमिक विद्यालय ढाखा, भियांव के सतीश पांचवें स्थान पर रहे। 'मेरे सपनों का भारत' चित्रकला प्रतियोगिता पहले विकासखंड स्तर पर आयोजित की गई थी। प्रत्येक विकासखंड से प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पाने वाले छात्रों को जिला स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल किया गया। इस तरह जिले के 30 छात्रों ने अंतिम जिला स्तरीय मुकाबले में अपनी चित्रकला प्रतिभा दिखाई।



मठिया पहुंचकर परिवार को दी सांत्वना, डीएम ईशा प्रिया और एमएलसी हीरालाल यादव ने भी व्यक्त की संवेदना

शहीद अंकित के घर पहुंचे प्रभारी मंत्री राजभर, परिजनों से की मुलाकात

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। कठुआ गोलीकांड में जान गंवाने वाले सीआईएसएफ के असिस्टेंट कमांडेंट अंकित कुमार पांडेय के मठिया स्थित आवास पर शुक्रवार को भी लोगों के पहुंचने का सिलसिला जारी रहा। अंतिम संस्कार के दूसरे दिन प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री और जिले के प्रभारी ओमप्रकाश राजभर गांव पहुंचे। उन्होंने परिजनों से मुलाकात कर घटना पर संवेदना व्यक्त की और परिवार से बातचीत की।

मंत्री ने परिजनों के बीच बैठकर उनसे हालचाल जाना। उन्होंने परिवार के सदस्यों से बातचीत की और इस कठिन समय में उनके साथ खड़े होने की बात कही। इस दौरान जिलाधिकारी ईशा प्रिया भी मौजूद रहीं। उन्होंने भी परिवार से मुलाकात कर संवेदना व्यक्त की। अंकित पांडेय की सेवा को लेकर सामने आई जानकारी के मुताबिक उनका पदोन्नति आदेश हो चुका था और उन्हें जल्द ही डीसी कमांडेंट ग्रेड का दायित्व मिलने वाला था। घटना से पहले वह असिस्टेंट कमांडेंट के साथ कंपनी कमांडर की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। शुक्रवार को मंत्री, डीएम और एमएलसी के अलावा क्षेत्र के लोग भी मठिया स्थित उनके आवास पर पहुंचे। लोगों ने परिवार से मुलाकात कर संवेदना व्यक्त की। अंतिम संस्कार के बाद दूसरे दिन भी गांव में शोक संवेदना के लिए आने वालों का सिलसिला जारी रहा।



गुरुवार को राजकीय सम्मान के साथ हुआ अंतिम संस्कार

इब्राहिमपुर क्षेत्र के दौलतपुर एकसारा (मठिया) निवासी अंकित पांडेय का पार्थिव शरीर गुरुवार को पैतृक गांव पहुंचा था। सीआईएसएफ की टीम ने उन्हें अंतिम सलामी दी। इसके बाद इल्तिफातगंज स्थित सरयू नदी के घाट पर राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। अंकित पांडेय जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले के बसोहली क्षेत्र में तैनात थे। 29 सितंबर की शाम सीआईए-सएफ शिविर में हुई गोलीबारी में उनकी और तीन अन्य जवानों की जान गई थी।

मठिया पहुंचने के दौरान ओमप्रकाश राजभर ने परिवार के सदस्यों से घटना और मौजूदा स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने परिजनों को भरोसा दिलाया कि शासन और प्रशासन परिवार के साथ है। हालांकि, मौके पर मंत्री की ओर से किसी अन्य विशेष घोषणा की जानकारी सामने नहीं आई है। सपा नेता एवं एमएलसी हीरालाल यादव ने भी शहीद के घर पहुंचकर परिजनों से मुलाकात की। उन्होंने अंकित पांडेय के निधन पर संवेदना व्यक्त की।

भजनों से गूंजा कलेक्ट्रेट, गांधी आश्रम में चरखे से दिखा स्वावलंबन का संदेश

गांधी-शास्त्री जयंती पर जिलाधिकारी ईशा प्रिया ने किया महापुरुषों को नमन

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। गांधी एवं शास्त्री जयंती पर शुक्रवार को जिले में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी ईशा प्रिया ने महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा एवं चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने दोनों महापुरुषों के आदर्शों और राष्ट्रसेवा में उनके योगदान को याद किया। अधिकारियों और कर्मचारियों से उनके बताए मूल्यों को अपने जीवन में अपनाने की अपील की गई।

कलेक्ट्रेट परिसर में नवोदय विद्यालय के छात्र-छात्राओं और सांस्कृतिक दलों ने गांधी के प्रिय भजनों की प्रस्तुति दी। भजनों के माध्यम से सत्य, अहिंसा, स्वच्छता और सद्भावना का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने प्रस्तुतियों को सुना। गांधी जयंती के अवसर पर जिला खेल कार्यालय की ओर से एकलव्य स्पोर्ट्स स्टेडियम में वॉक रेस आयोजित की गई थी। बालक वर्ग में पांच किलोमीटर और बालिका वर्ग में तीन किलोमीटर की प्रतियोगिता हुई। दोनों वर्गों में प्रथम छह स्थान हासिल करने वाले खिलाड़ियों को कलेक्ट्रेट में आयोजित कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी ने पुरस्कृत किया। जिलाधिकारी ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी। उन्होंने खिलाड़ियों को खेलों में नियमित अभ्यास और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया। स्वस्थ और अनुशासित जीवनशैली अपनाने पर भी जोर दिया। गांधी जयंती और शास्त्री जयंती के अवसर पर जिलाधिकारी गांधी आश्रम, अकबरपुर भी पहुंचीं। यहां उन्होंने महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा एवं चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व समेत अन्य अधिकारी और गांधी आश्रम के कर्मचारी भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान गांधी आश्रम में चरखा चलाया गया। इसके जरिए स्वावलंबन, सादगी और श्रम के महत्व का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में गांधी के सत्य, अहिंसा और स्वच्छता तथा शास्त्री के सादगी और कर्तव्यनिष्ठा के आदर्शों को याद किया गया।



मीरानपुर सीएचसी में भटकते मिले मरीज, इमरजेंसी भी बंद

ड्यूटी कर्मचारियों के नाम तक नहीं दर्ज

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। अकबरपुर क्षेत्र के मीरानपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर शुक्रवार को स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति सवालों के घेरे में रही। केंद्र पर मरीज भटकते मिले। इमरजेंसी सेवा भी बंद पाई गई। केंद्र पर ड्यूटी में तैनात कर्मचारियों के नाम भी साइन बोर्ड पर दर्ज नहीं थे। मरीजों के अनुसार, स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचने के बाद उन्हें इलाज के लिए इंतजार करना पड़ा। केंद्र बंद होने के कारण उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ा। पूछताछ करने पर एक व्यक्ति ने बताया कि दो अक्तूबर के कारण शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बंद रहेगा।

मीरानपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर इमरजेंसी सेवा भी बंद पाई गई। ऐसे में तत्काल उपचार की जरूरत वाले मरीजों के लिए भी केंद्र पर सेवा उपलब्ध नहीं थी। मौके पर मौजूद लोगों ने स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्था को लेकर सवाल उठाए। केंद्र पर लगे साइन बोर्ड पर ड्यूटी में तैनात कर्मचारियों के नाम भी अंकित नहीं थे। इससे मरीजों को यह जानकारी नहीं मिल पा रही थी कि किस कर्मचारी की ड्यूटी है और किससे संपर्क किया जाए। जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में जिलाधिकारी की ओर से स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर दिए गए निर्देशों के बावजूद केंद्र की स्थिति सामने आने से विभागीय व्यवस्था पर सवाल उठे हैं। मरीजों का कहना था कि स्वास्थ्य केंद्र पर उपचार की उम्मीद लेकर पहुंचे, लेकिन वहां अपेक्षित स्वास्थ्य सेवा नहीं मिली।



जांच : टांडा में गिरफ्तारी के बाद अब सप्लायर तक पहुंचने की चुनौती

20 ग्राम हेरोइन ने खोली नशे की सप्लाई की नई कड़ी

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। उद्योग नगरी टांडा में 20 ग्राम हेरोइन की बरामदगी के बाद नशे की सप्लाई को लेकर जांच का दायरा बढ़ गया है। कोतवाली टांडा पुलिस ने 30 सितंबर को धर्मनगर हाईवे के पास मोहम्मद जुबेर उर्फ पकौड़ा को गिरफ्तार किया था। पुलिस के मुताबिक उसके पास से 20 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। इसकी कीमत करीब चार लाख रुपये बताई गई है।

आरोपी सिकंदरपुर, सम्मनपुर क्षेत्र का रहने वाला है। पुलिस के अनुसार उसके खिलाफ अलग-अलग थानों में आधा दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। एनडीपीएस एक्ट में कार्रवाई के बाद उसे जेल भेज दिया गया।

टांडा क्षेत्र में नशीले पदार्थों से जुड़े मामले पहले भी सामने आ चुके हैं। अप्रैल 2024 में टांडा कोतवाली पुलिस ने सिकंदराबाद क्षेत्र में 570 ग्राम गांजे के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया था।

दिसंबर 2025 में प्रतिबंधित कोडीन युक्त कफ सिरप के सप्लाई नेटवर्क की जांच के दौरान भी टांडा क्षेत्र में पुलिस टीम ने छापेमारी कर संदिग्धों से पूछताछ की थी। उस समय पुलिस ने गिरफ्तारी से इनकार किया था।

30 सितंबर की कार्रवाई के बाद अब जांच का अहम सवाल यही है कि 20 ग्राम हेरोइन की खेप टांडा तक किस रास्ते पहुंची। पुलिस यदि सप्लायर और उससे जुड़े लोगों तक पहुंचती है तो इस मामले की पूरी कड़ी सामने आ सकती है।

फिलहाल पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आगे की जांच में सप्लाई के स्रोत और नेटवर्क से जुड़े तथ्यों के सामने आने का इंतजार है।



बरामदगी हुई, अब खेप के स्रोत पर नजर

हेरोइन बरामद होने के बाद जांच का अगला महत्वपूर्ण बिंदु इसकी सप्लाई का स्रोत है। पुलिस को यह पता लगाना होगा कि नशीले पदार्थ की खेप टांडा तक कैसे पहुंची। इसे किससे लिया गया था और आगे किसे दिया जाना था, यह भी जांच का हिस्सा हो सकता है। एक आरोपी की गिरफ्तारी से बरामदगी की कार्रवाई पूरी हो गई है। अब सप्लाई की कड़ी सामने आने पर ही यह स्पष्ट होगा कि इस खेप के पीछे कौन लोग जुड़े थे।

मेडिकल कॉलेज में गांधी-शास्त्री जयंती पर सत्य, अहिंसा और सेवा का संदेश


ध्वजारोहण के बाद ऑडिटोरियम में हुआ मुख्य कार्यक्रम

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। महामाया राजकीय मेडिकल कॉलेज में गुरुवार को महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत एकेडमिक ब्लॉक के सामने ध्वजारोहण से हुई। इसके बाद सरदार वल्लभभाई पटेल ऑडिटोरियम में मुख्य कार्यक्रम आयोजित किया गया।

प्राचार्य प्रो. डॉ. मुकेश यादव, उप प्राचार्य डॉ. उमेश वर्मा और चीफ प्रॉक्टर डॉ. प्रमोद यादव समेत संकाय सदस्यों ने गांधी और शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित की।

प्राचार्य प्रो. डॉ. मुकेश यादव ने कहा कि गांधी के सत्य, अहिंसा, स्वच्छता और सेवा के सिद्धांत आज भी प्रासंगिक हैं। इन्हें जीवन और कार्यों में अपनाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि गांधी जयंती पर मनाया जाने वाला विश्व अहिंसा दिवस उनके अहिंसा के संदेश को व्यापक स्तर पर पहुंचाने का अवसर है। उन्होंने कहा कि गांधी समाज के अंतिम पायदान पर खड़े और गरीब व्यक्ति तक सहायता व सुविधाएं पहुंचाने के पक्षधर थे। अपने कार्यों के माध्यम से इस विचार को आगे बढ़ाने का प्रयास किया जाना चाहिए। उप प्राचार्य डॉ. उमेश वर्मा ने गांधी के जीवन और संघर्षों पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों से उनके आदर्शों से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। प्राचार्य नर्सिंग डॉ. भास्कर ने गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के जीवन, कार्यों तथा राष्ट्र निर्माण में योगदान को याद किया।



सम्पादकीय

विमानों के लिए नया खतरा



दुबई से तेल अवीव जा रही फ्लाई दुबई एयर-लाइंस की उड़ान के ओमानी सह पायलट ने भारतीय मुख्य पायलट स्मित मछार पर हमला कर जिस तरह विमान को गिराने की कोशिश की, उसने विमानन उद्योग के सामने कुछ वैसी ही गंभीर चिंताएं खड़ी कर दी हैं, जैसी 9/11 की आतंकी घटना ने खड़ी की थीं। 9/11 की घटना में आतंकियों ने काकपिट में घुसने के बाद पायलटों को काबू कर विमानों को न्यूयार्क के वर्ल्ड ट्रेड टावर और वाशिंगटन स्थित पेंटागन से टकरा दिया था। फ्लाई दुबई विमान का तो सह पायलट ही आतंकी इरादों से लैस निकला। उसने केवल मुख्य पायलट को घायल ही नहीं किया, बल्कि विमान के इंजन से छेड़छाड़ में भी जुट गया। उसकी ये हरकतें उसके आतंकी होने की ही गवाही दे रही हैं। या तो वह विमान गिराना चाहता था या फिर उसे कब्जे में लेकर किसी इमारत से टकराना चाहता था। यदि भारतीय पायलट ने बेहद विकट परिस्थितियों में अदम्य साहस और सूझबूझ का परिचय देते हुए काकपिट का दरवाजा नहीं खोला होता तो ओमानी पायलट 9/11 जैसी घटना दोहराने में सफल हो सकता था। काकपिट का दरवाजा न खुल पाने की स्थिति में विमान में सवार इजरायली यात्री और पायलट भी कुछ नहीं कर पाते और एक भीषण घटना घट जाती। यह स्वाभाविक है कि 170 से अधिक यात्रियों का जीवन बचाने वाले भारतीय पायलट स्मित पूरी दुनिया में नायक के रूप में सराहे जा रहे हैं। उन्होंने अपनी जान जोखिम में डालकर अपने पेशे के साथ भारत का भी मान बढ़ाया है, लेकिन इस घटना के बाद विमानन उद्योग को विमानों की सुरक्षा के लिए कुछ नए उपाय करने के लिए भी विवश होना पड़ सकता है। इस अंदेशे को निराधार नहीं कहा जा सकता कि भविष्य में किसी अन्य विमान का पायलट, सह पायलट या फिर चालक दल का कोई सदस्य अतिवादी या जिहादी सोच वाला हो सकता है। कम से कम अब पायलटों एवं उनके साथियों के सामाजिक व्यवहार और सोच-विचार की कहीं अधिक सघन पड़ताल करनी होगी। निजता के नाम पर इसमें किसी तरह की ढिलाई बरतना खतरे को निमंत्रण देना और हवाई यात्रा का जोखिम बढ़ाने वाला सिद्ध हो सकता है। इसलिए और भी, क्योंकि विमानों का संचालन कहीं अधिक सतर्कता की मांग करता है। इसमें किसी भी तरह की गलती या ढिलाई के लिए कोई गुंजाइश नहीं। अब सुरक्षा एवं सतर्कता का स्तर और अधिक बढ़ाने के अलावा अन्य कोई उपाय नहीं। इसकी अनदेखी न की जाए कि ओमानी सह पायलट ने आपात स्थिति में विमान के बचाव में काम आने वाले क्रैश एक्स यानी एक किस्म की कुल्हाड़ी को हथियार के रूप में इस्तेमाल कर लिया और उससे ही भारतीय पायलट को लहूलुहान कर दिया। बहुत संभव है कि इस उपकरण का विकल्प खोजना पड़े। जो भी हो, इस घटना का पूरा सच जितनी जल्द सामने आए, उतना ही अच्छा।

टिन के डिब्बों से एशियाई स्वर्ण तक



> 66 यहां भारतीय खेल व्यवस्था का एक महत्वपूर्ण पक्ष सामने आता है। सेना लंबे समय से उन खिलाड़ियों के लिए रोजगार, प्रशिक्षण और प्रतियोगी खेल का मंच रही है जिनके लिए खेल के साथ आजीविका का सवाल भी जुड़ा होता है।

खेलों में पदक दिखाई देता है, उसके पीछे का संघर्ष नहीं। पोडियम पर खड़े खिलाड़ी के गले में चमकता स्वर्ण हमें उसकी सफलता बताता है, लेकिन उस स्वर्ण तक पहुंचने के रास्ते में कितनी कमी, कितनी मेहनत और कितनी बार अपने ही साधनों से लड़ना पड़ा, यह कहानी अक्सर खबर का हिस्सा नहीं बनती। नीरू ढांडा की कहानी इसलिए सिर्फ एक निशानेबाज की सफलता की कहानी नहीं है। हरियाणा के जींद जिले के एक किसान परिवार से निकलकर एशियाई खेलों में महिला ट्रैप की व्यक्तिगत स्पर्धा में स्वर्ण जीतने वाली पहली भारतीय महिला बनने और फिर मिश्रित ट्रैप टीम में भी स्वर्ण हासिल करने तक का उनका सफर भारतीय खेल व्यवस्था के सामने कई सवाल खड़े करता है। सवाल यह कि प्रतिभा पैदा कहां होती है और अवसर किसे मिलता है? 29 सितंबर 2026 को नीरू ने महिला ट्रैप के व्यक्तिगत फाइनल में 30 में से 28 निशाने सही लगाए और नया एशियाई खेल रिकॉर्ड बनाया। इससे पहले उन्होंने क्वालिफिकेशन में 118 अंक के साथ खेलों का रिकॉर्ड बनाया था। उसी दिन आशीमा अहलावत और मनीषा कीर के साथ उन्होंने महिला ट्रैप टीम का रजत पदक भी जीता। अगले दिन, 30 सितंबर को काइनान चेनाई के साथ मिश्रित ट्रैप टीम में 34 के स्कोर के साथ उन्होंने दूसरा स्वर्ण जीता और इस स्पर्धा का नया एशियाई रिकॉर्ड कायम किया। इस तरह नीरू के खाते में इस एशियाई खेल में दो स्वर्ण और एक रजत हो चुके हैं। लेकिन इन आंकड़ों से पहले उस दृश्य को देखना जरूरी है जहां से यह कहानी शुरू हुई थी। नीरू ने अपना निशानेबाजी का सफर किसी अत्याधुनिक शूटिंग रेंज से नहीं शुरू किया था। शुरुआती दिनों में वह परिवार की दुनाली बंदूक से टिन के डिब्बों को निशाना बनाती थीं। बाद में उनके चचेरे भाई और 2018 एशियाई खेलों में ट्रैप के रजत पदक विजेता लक्ष्य श्योराण ने उन्हें अपनी बंदूक से अभ्यास करने में मदद की। 2019 में वह भोपाल की मध्य प्रदेश राज्य शूटिंग अकादमी पहुंचीं, जहां उन्हें उपकरण और व्यवस्थित प्रशिक्षण की सुविधा मिली।

टिन के डिब्बे से लेकर एशियाई खेलों के पोडियम तक की यह दूरी केवल भौगोलिक दूरी नहीं है। यह खेल में अवसर की असमानता की दूरी भी है। ट्रैप शूटिंग ऐसा खेल नहीं है जिसे केवल उत्साह के सहारे खेला जा सकता है। बंदूक, कारतूस, शूटिंग रेंज, प्रशिक्षित कोच और लगातार अभ्यास की जरूरत होती है। आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के लिए इन सबका इंतजाम करना आसान नहीं होता। इसलिए नीरू की कहानी को केवल अभाव पर विजय की प्रेरक कथा बनाकर छोड़ देना पर्याप्त नहीं है। इसके भीतर यह बड़ा सवाल छिपा है कि कितनी प्रतिभाएं संसाधनों के अभाव में खेल की पहली सीढ़ी पर ही रुक जाती हैं? नीरू के मामले में परिवार और रिश्तेदारों का सहयोग मिला। लक्ष्य श्योराण की सफलता ने उन्हें प्रेरित किया। फिर मध्य प्रदेश शूटिंग अकादमी और बाद में सेना की संस्थागत व्यवस्था ने उनके खेल को आगे बढ़ने का आधार दिया। आज वह भारतीय सेना में नायब सूबेदार हैं और आर्मी मार्क्समैनशिप यूनिट से प्रशिक्षण लेती हैं।

किसी किसान, मजदूर या निम्न-मध्यमवर्गीय परिवार के बच्चे के लिए खेल में करियर केवल पदक का सपना नहीं होता। उसके साथ परिवार की आर्थिक चिंता भी जुड़ी रहती है। यदि खेल और रोजगार की सुरक्षा साथ मिल जाए तो प्रतिभा को टिके रहने का आधार मिलता है।

लेकिन क्या देश की खेल प्रतिभा का बड़ा हिस्सा सेना या कुछ चुनिंदा संस्थानों के सहारे ही आगे बढ़े? यह सवाल इसलिए जरूरी है क्योंकि खेल प्रतिभा की पहली पहचान तो स्कूल, गांव, प्रखंड और जिला स्तर पर होनी चाहिए। वहां प्रशिक्षित कोच, उपकरण और प्रतियोगिताओं की व्यवस्था मजबूत होगी तभी किसी नीरू को समय रहते पहचाना जा सकेगा।

गांवों को अक्सर खेल सुविधाओं की कमी के कारण पिछड़ा माना जाता है। लेकिन गांव प्रतिभा से खाली नहीं हैं। कमी अक्सर अवसर और पहचान की होती है। शहर में किसी बच्चे को अकादमी, प्रशिक्षक या प्रतियोगिता की जानकारी मिल सकती है। गांव में प्रतिभा को यह पता लगाने में ही वर्षों लग सकते हैं कि वह किस खेल के लिए बनी है और वहां से आगे जाने का रास्ता क्या है।

नीरू का शुरुआती जीवन इसी सच की ओर इशारा करता है। प्रतिभा हमेशा किसी व्यवस्थित खेल ढांचे में जन्म नहीं लेती। वह घर के आंगन में, स्कूल के मैदान में, खेत की मेड़ पर, स्थानीय प्रतियोगिता में या किसी रिश्तेदार के खेल प्रदर्शन को देखकर भी जाग सकती है। असली परीक्षा व्यवस्था की है—वह उस प्रतिभा को पहचानती कब है और उसके लिए रास्ता कब खोलती है?

नीरू की वर्तमान उपलब्धियां यह भी बताती हैं कि उनकी कहानी केवल संघर्ष की नहीं, उच्च स्तर की खेल तैयारी की भी है। 2025 में उन्होंने एशियाई शूटिंग चैंपियनशिप में स्वर्ण जीता। जुलाई 2026 में वह इटली के लोनाटो में आईएसएफ-सएफ शॉटगन विश्व कप में महिला ट्रैप का व्यक्तिगत स्वर्ण जीतने वाली पहली भारतीय महिला बनीं। एशियाई खेलों में आने से पहले ही उनका अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शन यह संकेत दे चुका था कि वह केवल "अभाव से निकली खिलाड़ी" नहीं, बल्कि विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने वाली निशानेबाज हैं। फिर एशियाई खेलों से ठीक पहले बीमारी ने उनकी तैयारी को झटका दिया। भारतीय एक्सप्रेस की रिपोर्ट के अनुसार, संक्रमण के कारण उन्हें अस्पताल में भर्ती होना पड़ा। लगभग साढ़े तीन सप्ताह तक उनका नियमित प्रशिक्षण नहीं हो पाया और राष्ट्रीय शिविर के दौरान वह कई दिनों तक बेहद कमजोर रहीं। उनके कोच पीटर विल्सन ने बताया कि अस्पताल से लौटने के बाद जापान में भी उन्हें बहुत सीमित समय अभ्यास का मिला।इसके बाद एशियाई खेलों की शूटिंग रेंज में बारिश भी चुनौती बनकर आई। लेकिन नीरू ने अपना ध्यान प्रक्रिया पर बनाए रखा। व्यक्तिगत फाइनल में 30 में से 28 निशाने लगाकर उन्होंने न केवल स्वर्ण जीता, बल्कि नया एशियाई खेल रिकॉर्ड भी बनाया। चीन की सुन यूनोंग ने 26 निशानों के साथ रजत पदक जीता।यहां खेल का एक दूसरा सत्य सामने आता है। बड़े मुकाबले में निशाना केवल बंदूक से नहीं लगता। खिलाड़ी को शरीर, तकनीक, मौसम, दबाव और मन—सभी को एक साथ संभालना होता है। नीरू के मामले में बीमारी से उबरने के बाद इतने कम अभ्यास के बावजूद उनका प्रदर्शन इस मानसिक तैयारी की ओर भी संकेत करता है।लेकिन नीरू की कहानी का सबसे मार्मिक दृश्य शायद शूटिंग रेंज में नहीं, उनके गांव और घर की रोजमर्रा की जिंदगी में है।

-कुमार कृष्णन

आयोग ने इस पूरी ...

अशोक भाटिया

लोकतंत्र का महापर्व और त्रुटिहीन वोटर लिस्ट: निर्वाचन आयोग का साहसिक कदम बनाम राजनीतिक घमासान



भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण लोकतांत्रिक प्रक्रिया को शुद्ध, पारदर्शी और सशक्त बनाने की दिशा में हमेशा एक सराहनीय और युगांतकारी कदम रहा है। किसी भी गतिशील लोकतंत्र में मतदाता सूची केवल नामों का संकलन मात्र नहीं होती, बल्कि यह उस देश के नागरिकों के राजनीतिक अधिकारों की बुनियाद होती है। समय-समय पर इस सूची का पुनरीक्षण करना यह सुनिश्चित करता है कि देश का कोई भी वैध नागरिक अपने मताधिकार से वंचित न रहे और कोई भी अवैध या फर्जी प्रविष्टि लोकतंत्र के पवित्र जनादेश को दूषित न कर सके। निर्वाचन आयोग की इस नियमित और व्यापक कवायद का मुख्य उद्देश्य एक त्रुटिहीन मतदाता सूची तैयार करना है। बदलते समय के साथ जनसंख्या में तीव्र प्रवास , नए युवाओं का अर्हता आयु प्राप्त करना और नागरिकों की मृत्यु जैसे कारक मतदाता सूची में निरंतर बदलाव की मांग करते हैं। इस चुनौती से निपटने के लिए चुनाव आयोग तकनीकी नवाचारों और धरातलीय सत्यापन के माध्यम से मतदाता सूची को अद्यतन करता है। जहां एक ओर बुद्धिजीवियों, नागरिक समाज और आम जनता द्वारा आयोग के इस कदम को भारतीय लोकतंत्र की सेहत के लिए एक आवश्यक बूस्टर डोज माना जाता है, वहीं दूसरी ओर देश के राजनीतिक परिदृश्य में इस प्रक्रिया को लेकर हमेशा से तीखी बहस, आम सहमति और विरोधी दलों का भारी हंगामा भी देखने को मिलता रहा है। भारतीय चुनाव आयोग एक संवैधानिक संस्था है, जिस पर देश में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने की जिम्मेदारी है। मतदाता सूची का पुनरीक्षण इस जिम्मेदारी का सबसे पहला और महत्वपूर्ण चरण है। जब आयोग इस अभियान की शुरुआत करता है, तो इसके तहत कई स्तरों पर काम किया जाता है। पहला स्तर नए मतदाताओं को जोड़ने का होता है। देश में हर साल लाखों युवा 18 वर्ष की आयु पूरी करते हैं। आयोग विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों, सोशल मीडिया और 'वोटर हेल्पलाइन ऐप' जैसे डिजिटल माध्यमों से इन नए मतदाताओं को पंजीकृत करने के लिए विशेष शिविर लगाता है। यह प्रक्रिया युवा ऊर्जा को देश की मुख्यधारा की राजनीति से जोड़ने का काम करती है। दूसरा महत्वपूर्ण स्तर प्रविष्टियों में सुधार और शुद्धिकरण का है। अक्सर पुरानी मतदाता सूचियों में नाम की स्पेलिंग, पते, माता-पिता के नाम या फोटो में त्रुटियां रह जाती हैं, जिसके कारण मतदान के दिन नागरिकों को पोलिंग बूथ से निराश लौटना पड़ता है। पुनरीक्षण प्रक्रिया नागरिकों को इन गलतियों को सुधारने का एक औपचारिक और सुलभ अवसर प्रदान करती है। इसके अलावा, इस प्रक्रिया का सबसे संवेदनशील हिस्सा होता है—अपात्र मतदाताओं के नामों को हटाना। जो नागरिक किसी क्षेत्र को छोड़कर दूसरे राज्य या शहर में बस गए हैं, या जिन मतदाताओं का निधन हो चुका है, उनके नामों को सूची से काटना अनिवार्य होता है। यदि ऐसा न किया जाए, तो चुनाव के दौरान फर्जी मतदान की आशंका अत्यधिक बढ़ जाती है, जो किसी भी निष्पक्ष चुनाव के लिए सबसे बड़ा खतरा है।

आयोग ने इस पूरी प्रक्रिया को डिजिटल बनाकर और अधिक पारदर्शी बनाने का प्रयास किया है। राष्ट्रीय मतदाता सेवा पोर्टल और बीएलओ के माध्यम से घर-घर जाकर किया जाने वाला भौतिक सत्यापन इस अभियान की रीढ़ है। जब एक साफ-सुथरी और सटीक मतदाता सूची तैयार होती है, तो चुनाव के परिणामों पर किसी को उंगली उठाने का मौका नहीं मिलता। यही कारण है कि देश का जागरूक वर्ग हमेशा निर्वाचन आयोग के इस कदम की सराहना करता है और इसे लोकतांत्रिक शुचिता बनाए रखने के लिए एक अनिवार्य कदम मानता है।

मतदाता सूची का पुनरीक्षण जहां प्रशासनिक रूप से एक सराहनीय और तकनीकी कार्य है, वहीं राजनीतिक रूप से यह एक अत्यधिक संवेदनशील मुद्दा बन जाता है। भारत के चुनावी इतिहास में शायद ही कभी ऐसा हुआ हो जब मतदाता सूची के पुनरीक्षण या उसमें बदलाव की प्रक्रिया बिना किसी राजनीतिक विवाद के संपन्न हुई हो। जब भी चुनाव आयोग इस दिशा में कदम आगे बढ़ाता है, देश के विभिन्न हिस्सों में विपक्षी और विरोधी राजनीतिक दलों द्वारा भारी हंगामा, विरोध प्रदर्शन और आयोग की नीयत पर सवाल उठाने का सिलसिला शुरू हो जाता है। विरोधी दलों के इस हंगामे और विरोध के पीछे कई प्रकार की राजनीतिक आशंकाएं, रणनीतियां और जमीनी चिंताएं होती हैं । उनमें प्रमुख है -विपक्षी दलों का सबसे आम और गंभीर आरोप यह होता है कि सत्तारूढ़ दल के दबाव में प्रशासनिक तंत्र या बीएलओ द्वारा उनके पारंपरिक वोट बैंक या विशिष्ट समुदायों के नामों को मतदाता सूची से सामूहिक रूप से हटा दिया गया है।

गंभीरता से ...

डा .वेदप्रकाश

गांधी जी के अधूरे सपनों पर चिंतन की आवश्यकता

गांधी जयंती के अवसर पर 2 अक्टूबर का सार्वजनिक अवकाश रहा। देश में अनेक स्थानों पर इस उपलक्ष में विभिन्न कार्यक्रम हुए लेकिन क्या आज भी गांधी जी के सपने अधूरे नहीं हैं? ध्यान रहे गांधी जी ने ये सपने अपनी सुख-सुविधाओं के लिए नहीं देखे थे, अपितु उनके सपनों में सामान्य व्यक्ति के लिए चिंता है, उनमें भारत रचा-बसा है। गांधी जी ने अपने जीवन का अधिकांश समय भारत को जानने, समझने और बनाने में लगाया। गुजरात के राजकोट स्थित एक मध्यमवर्गीय परिवार में जन्म लेने, संस्कार पाने और फिर विदेश से वकालत की पढ़ाई पूरी करने के बाद उन्होंने देश-विदेश में रंगभेद ,जातिगत भेद एवं अंग्रेजी दासता से मुक्ति हेतु अपना जीवन समर्पित कर दिया। उन्होंने अपनी विभिन्न यात्राओं से समूचे देश को समझा और सत्य को अनुभव किया। त्याग, सत्य, अहिंसा,परहित,सेवा आदि उनके लिए कोई दिखावे की बात नहीं थी, अपितु जीवन दर्शन थे। विगत कई दशकों से 02 अक्तूबर यानी गांधी जी की जयंती के अवसर पर देशभर में छोटे-बड़े हजारों कार्यक्रमों का आयोजन होता है। शासन-प्रशासन द्वारा भी सैकड़ों योजनाएं घोषित की जाती हैं लेकिन क्या आज वर्ष 2026 तक भी हम गांधी जी के सपनों का भारत बना पाए हैं? क्या आज भी गांधी जी के सपने अधूरे नहीं है? गांधी जी ने अपनी हिंद स्वराज एवं मेरे सपनों का भारत नामक महत्वपूर्ण पुस्तकों में भारत की आर्थिक, धार्मिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक परिस्थितियों का गंभीरता से व व्यापक विश्लेषण करते हुए भारत के विषय में अपने विचार रखे। मेरे सपनों का भारत में उन्होंने स्वराज का अर्थ, भारतीय लोकतंत्र, भारत और समाजवाद, बेकारी का सवाल, सर्वोदय, दरिद्र नारायण, समान वितरण का रास्ता, किसान, ग्राम स्वराज्य, ग्रामोद्योग, स्वदेशी,गोरक्षा, गांव की सफाई, आरोग्य, आहार, युवकों का आवाह्न, शराब और अन्य मादक द्रव्य, भारत की सांस्कृतिक विरासत, उच्च शिक्षा, स्त्रियों की शिक्षा, भारतीय भाषाएं एवं भारत और विश्व शांति आदि विभिन्न शीर्षकों से अपने विचार व्यक्त किए हैं। गंभीरता से विचार करें तो उपर्युक्त में से अनेक ऐसे मुद्दे अथवा विषय हैं जो आज भी लक्ष्य से बहुत दूर दिखाई दे रहे हैं। इसका कारण स्पष्ट है कि दशकों से विभिन्न सरकारी कार्यालयों में गांधी जी के फोटो तो नेताओं और अधिकारियों ने लगाएं लेकिन अधिकांश फोटो कुर्सी के पीछे हैं। जहां से गांधी जी के सिद्धांत अथवा सपने इन तक पहुंच ही नहीं पाते। जनकल्याण के लिए बनाई जाने वाली विभिन्न योजनाएं भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रही हैं। पंक्ति में खड़ा अंतिम व्यक्ति आज भी हाशिए पर है। पद-प्रतिष्ठा, राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं व निहित स्वार्थों के चलते चहूं और आपाधापी सामान्य हो चुकी है। हाल ही का समाचार है कि उत्तर प्रदेश के फर्रुखाबाद जिले के सोतेपुर गांव में 8 वर्षीय बच्ची को किसान बनाकर सम्मान निधि बांट दी गई। लूट के इस खेल में 4,297 अपात्र सत्यापन में पकड़े गए हैं जिनमें से 147 नाबालिग हैं।

विश्लेषण कुछ शब्दों का

आज बात तो होती हैं कुछ , चिंतन कीया जाता है कुछ ,कार्य किया जाता है कुछ और परिणाम आता है कुछ ।यह है आज के युग की सच्चाई । क्योंकि अपने भितर में मैं शब्द है सर्वाधिक अपना स्वार्थ द्योतक । सयाने (समझदार) रखते हैं इससे दूरी हो सके जहाँ तक। इसके विपरीत कितना संतोषजनक शब्द है हम। ऐसे सुविचार सोच वाले समाज में मनुष्य होते हैं बहुत ही कम। बहुत ही ख़तरनाक जहरीला शब्द है भितर का EGO अपने हित में है जो उड़ा देता है सुख -चैन सभी तरह से और घिरे -घिरे इससे अनचाहे गर्त की और चले जाते है । Let It Soon 'Go' कितना मीठा शब्द है 'प्यार'। मनुज! जरा इसकी कीमत पर हम कर सके विचार । वैसे ही कितना संतोषजनक शब्द है मुस्कान और वह बढ़ा देता है हर तरफ़ से आदमी की साख और शान । दूसरी और अफवाह पर दे दिया जिसने ध्यान कितना नासमझ है वह नादान है वह इन्सान । इर्ष्या कालिख पोत देती है हमारे विवेक पर। ऐसे मलिन भाव की इच्छा कभी भी न कर। तपस्वी साधु राजा प्रेसन जीत ने विचारों से सातवी नरक खटखटाया व विचारों से मुक्ति का सेहरा लगाया । विचार ये भी, विचार वो भी अंतर गणित भी नही बता पाया। मन से उपजते विचार या मन ही विचार अतित में भटकता भविष्य की करता सोचता निषेधात्मक करता बुरा हाल । वर्तमान में रहना उसे जमता कम व सकारात्मक सोच में कहा रमता उसका मन । कुविचार नही अच्छा कभी सुविचार से जीवन चलता सही पर जिसके शुध्द विचार मुक्ति उसके आस पास निर्विचार दशा उत्कृष्ट साधक की तोड़ न पाए कोई समाधि जिसकी । विचार ये भी विचार वो भी अंतर जिसने समझा बोध को पाया । विचार में दृष्टि का है हाथ दृष्टि एकांत विचार नही होंगे विशाल ।सम्यग् दृष्टि से वही विचार सकार ।जिसने अपने विचारों को पढकर किया विश्लेषण-न्याय ज्ञानी वह बड़ा दुनिया मुट्ठी समाय । मन ही साधन , मन ही विघ्न । महासागर से भी गहरा है यह कथन यदि न किया जाए गहरा विश्लेषण व अध्ययन ।तो मन को समझ पाना है नामुमकिन ।

› प्रदीप छाजेड़

जरा हटके

नियम आवश्यक हैं...

सुजीत कुमार मिश्र

बायोमेट्रिक में दर्ज नहीं होती इंसान की मजबूरी

सुबह का समय था। एक कर्मचारी रोज की तरह अपने काम पर पहुंचा। चेहरे पर वही जिम्मेदारी थी, मन में परिवार की चिंता और आंखों में महीने के अंत में मिलने वाली तनख्वाह की उम्मीद। वह कोई बड़ा अधिकारी नहीं था। वह उन लाखों लोगों में से एक था, जिनके लिए नौकरी केवल नौकरी नहीं होती—वह उनके परिवार की रोजी-रोटी होती है। उस दिन काम कुछ अधिक था। जिम्मेदारियां भी अधिक थीं। पूरे दिन वह अपने काम में लगा रहा। शाम को घर लौटा तो शायद उसे यह भी याद नहीं रहा कि किसी छोटी-सी औपचारिकता में उससे चूक हो गई है। कुछ दिनों बाद उसे पता चला कि उसकी तनख्वाह से एक राशि काट ली गई है। कारण था - उपस्थिति में हुई एक छोटी-सी त्रुटि। वह कुछ क्षण चुप रहा। उसके सामने उस दिन का पूरा परिश्रम घूम गया। फिर उसे अपना घर याद आया। बच्चों की जरूरतें याद आईं। महीने का राशन याद आया। बिजली का बिल, दवा का खर्च और घर की छोटी-बड़ी आवश्यकताएं याद आईं। उसने मन ही मन शायद यही सोचा होगा - "मेरी एक छोटी-सी गलती इतनी बड़ी कैसे हो गई कि इसकी कीमत मेरे पूरे परिवार को चुकानी पड़े?"

यह कहानी किसी एक कर्मचारी की नहीं है। यह कहानी हमारे आसपास मौजूद उन असंख्य लोगों की है, जो प्रतिदिन अपने श्रम के बदले मिलने वाले सीमित वेतन से अपने परिवार की जिंदगी चलाते हैं।

नियम आवश्यक हैं, लेकिन क्या संवेदना अनावश्यक नहीं है ? आज लगभग हर संगठित संस्था में नियम हैं। बायोमेट्रिक उपस्थिति है। समय की पाबंदी है। अवकाश के नियम हैं। कार्य-प्रणाली है और अनुशासन भी है। वास्तव में नियम होने ही चाहिए। किसी संस्था को बिना नियमों के चलाया नहीं जा सकता। लेकिन असली सवाल नियम होने का नहीं है। सवाल यह है कि नियम लागू करते समय क्या हम उस व्यक्ति को भी देखते हैं, जिस पर वह नियम लागू हो रहा है? बायोमेट्रिक मशीन यह बता सकती है कि किसी कर्मचारी की उपस्थिति किस समय दर्ज हुई। वह यह नहीं बता सकती कि वह व्यक्ति पूरे दिन कितनी मेहनत कर रहा था। वह यह नहीं समझ सकती कि किसी कर्मचारी से तकनीकी या मानवीय भूल क्यों हुई। वह यह नहीं जान सकती कि उसके घर में कौन-सी परेशानी चल रही थी। मशीन केवल रिकॉर्ड देखती है, पर इंसान को परिस्थिति देखनी चाहिए। एक तरफ नियम, दूसरी तरफ एक गरीब परिवार का चूल्हा, जिस व्यक्ति की तनख्वाह लाखों में है, उसके लिए कुछ सौ या कुछ हजार रुपये की कटौती शायद उतनी बड़ी समस्या न हो। लेकिन जिस कर्मचारी की पूरी मासिक आय ही परिवार की जरूरतों के लिए मुश्किल से पर्याप्त है, उसके लिए वही रकम बहुत बड़ी हो सकती है। उस पैसे से घर में सब्जी आ सकती है ।बच्चे की कॉपी-किताब आ सकती है। किसी बुजुर्ग की दवा खरीदी जा सकती है। बिजली का बिल जमा हो सकता है या शायद उस दिन घर में चूल्हा जल सकता है। यही वह बिंदु है जहां प्रशासनिक निर्णय और मानवीय संवेदना आमने-सामने खड़े हो जाते हैं। कागज पर कटौती एक आंकड़ा है, लेकिन गरीब के घर में वही कटौती एक आवश्यकता का टूट जाना है। क्या पूरे महीने की मेहनत से बड़ी होती है एक छोटी गलती? एक कर्मचारी पूरे महीने काम करता है, समय देता है, अपनी क्षमता लगाता है, कभी निर्धारित समय से अधिक रुकता है, कभी निजी परेशानियों को भुलाकर संस्था की जिम्मेदारी निभाता है, संस्था की सफलता में अपना योगदान देता है। लेकिन यदि किसी एक दिन उससे कोई छोटी-सी भूल हो जाए, तो क्या उस एक भूल के सामने उसके पूरे महीने की मेहनत छोटी हो जानी चाहिए? यही प्रश्न आज हमें स्वयं से पूछने की आवश्यकता है। गलती और अपराध में अंतर होता है। अनजाने में हुई भूल और जानबूझकर की गई लापरवाही एक जैसी नहीं हो सकती। नियमों का पालन न करने की आदत और कभी-कभार होने वाली मानवीय त्रुटि को एक ही नजर से देखना भी न्यायसंगत नहीं कहा जा सकता। यदि किसी कर्मचारी की लगातार लापरवाही है, तो कार्रवाई होनी चाहिए। लेकिन जहां गलती छोटी है, अनजानी है या तकनीकी कारणों से हुई है, वहां पहले स्पष्टीकरण और सुधार का अवसर देना अधिक मानवीय व्यवस्था हो सकती है। संस्था के लिए काम करने वाला व्यक्ति केवल एक कर्मचारी संख्या नहीं है । हम अक्सर कर्मचारी को उसके कर्मचारी कोड, उपस्थिति रिकॉर्ड या पदनाम से पहचानने लगते हैं। लेकिन उस रिकॉर्ड के पीछे एक पूरा इंसान होता है। उसके पीछे एक परिवार होता है, उसके बच्चों के सपने होते हैं, उसके माता-पिता की उम्मीदें होती हैं, उसकी अपनी परेशानियां होती हैं और सबसे महत्वपूर्ण - उसकी मेहनत होती है। किसी भी संस्था की वास्तविक शक्ति केवल उसकी मशीनों, भवनों और नियमों में नहीं होती। वह शक्ति उन लोगों में होती है, जो उस संस्था के लिए अपना समय, श्रम और जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा देते हैं। इसलिए किसी कर्मचारी की छोटी-सी त्रुटि को देखने से पहले उसके पूरे योगदान को देखना भी जरूरी है। जिसकी कलम संस्था के लिए चली, उसका हाथ गलती पर क्यों कांपे? यह बात केवल मजदूर की नहीं है। यह बात उस कर्मचारी की भी है जो अपने संस्थान के हित में वर्षों से ईमानदारी से काम करता आया है। कई लोग अपनी संस्था के लिए केवल निर्धारित जिम्मेदारी ही नहीं निभाते। वे संस्था की प्रतिष्ठा को अपनी प्रतिष्ठा समझते हैं। उसकी उपलब्धियों को समाज तक पहुंचाते हैं। अतिरिक्त जिम्मेदारियां लेते हैं। आवश्यकता पड़ने पर अपने निजी समय का भी उपयोग करते हैं। ऐसे व्यक्ति से यदि कभी कोई छोटी-सी भूल हो जाए, तो क्या उसके वर्षों के योगदान का कोई महत्व नहीं रह जाता? क्या उसके पूरे समर्पण को एक छोटी-सी त्रुटि के सामने रखकर तौलना न्यायपूर्ण होगा किसी व्यक्ति की पहचान उसकी एक गलती से नहीं, उसके पूरे कर्म से होनी चाहिए। सजा देने से पहले एक बार उसके घर की कल्पना कीजिए क्योंकि हमारे निर्णय अक्सर कार्यालय की चारदीवारी के भीतर लिए जाते हैं। एक फाइल आती है, एक नियम देखा जाता है, एक रिकॉर्ड सामने रखा जाता है, और निर्णय हो जाता है। लेकिन उस निर्णय का असर कार्यालय से बाहर जाकर किसी घर की चारदीवारी में पहुंचता है- वहां एक पत्नी इंतजार कर रही होती है, बच्चे पिता की ओर देख रहे होते हैं, कोई मां दवा की उम्मीद लगाए बैठी होती है ।

मंत्री ए के शर्मा ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी को किया नमन

स्वच्छता के साथ पर्यावरण संरक्षण भी हमारी सामूहिक जिम्मेदारी

कार्यक्रम

- गांधी जी के स्वच्छता के सपने को प्रधानमंत्री मोदी जी ने जनचेतना का रूप दिया: मंत्री ए.के. शर्मा
- आज देश का हर स्वच्छताकर्मी गांधीजी और मोदी जी के स्वच्छता संकल्प को आगे बढ़ा रहा



मंत्री ए.के. शर्मा ने कारगिल शहीद कैप्टन मुकेश श्रीवास्तव को नमन कर किया श्रमदान एवं वृक्षारोपण

इस अवसर पर मंत्री ए.के. शर्मा ने सफाई मित्रों से संवाद किया और उनके कार्यों एवं समस्याओं की जानकारी ली। उन्होंने स्वच्छता कर्मियों को टूलकिट एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। साथ ही कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को स्वच्छता की शपथ दिलाते हुए स्वच्छ एवं स्वस्थ लखनऊ के निर्माण में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया।

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने गांधी जयंती एवं पूर्व प्रधानमंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती के अवसर पर इंदिरा प्रियदर्शिनी वार्ड स्थित रघुवर मैरिज हॉल में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उन्होंने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी एवं पूर्व प्रधानमंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। मंत्री शर्मा ने कहा कि महात्मा गांधी जी स्वच्छता के बहुत बड़े पक्षधर थे और उन्होंने स्वच्छता को स्वस्थ एवं सशक्त समाज की आधारशिला माना था। गांधी जी के बाद लंबे समय तक स्वच्छता का विषय अपेक्षित रूप से जनचेतना का हिस्सा नहीं बन पाया, लेकिन प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने स्वच्छता को जनआंदोलन और जनचेतना का रूप देते हुए गांधी जी के स्वच्छ भारत के सपने को आगे बढ़ाया। मंत्री ए.के. शर्मा ने कहा कि आज देशभर में स्वच्छता कर्मी गांधी जी और प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के स्वच्छता संकल्प को साकार करने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने स्वच्छ भारत अभियान के लोगो के चयन से जुड़ा प्रसंग साझा करते हुए बताया कि लोगो के रूप में महात्मा गांधी जी के चश्मे को चुना गया और उसके दोनों खानों में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने अपने पेन से 'स्वच्छ भारत' लिखकर इस संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का भाव व्यक्त किया था। उन्होंने कहा कि यह लोगो आज देश के स्वच्छता संकल्प का एक प्रमुख प्रतीक बन चुका है। कार्यक्रम में महापौर श्रीमती सुषमा खर्कवाल ने भी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी एवं पूर्व प्रधानमंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री जी को नमन किया। उन्होंने कहा कि दोनों महापुरुषों का जीवन देश और समाज के लिए प्रेरणादायी है। महात्मा गांधी जी ने स्वच्छता, सत्य और सेवा का संदेश दिया, वहीं श्री लाल बहादुर शास्त्री जी ने सादगी, ईमानदारी और राष्ट्रसेवा के उच्च आदर्श स्थापित किए। उन्होंने कहा कि इन महापुरुषों के विचारों को अपने जीवन और कार्यों में अपनाकर ही हम बेहतर समाज का निर्माण कर सकते हैं। इसके पश्चात नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने मुंशी पुलिया स्थित पार्क पहुंचकर कारगिल शहीद कैप्टन मुकेश श्रीवास्तव जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।





स्वच्छता कर्मियों के परिश्रम और समर्पण का परिणाम

मंत्री शर्मा ने कहा कि स्वच्छता कर्मियों के परिश्रम और समर्पण का परिणाम है कि लखनऊ ने स्वच्छता सर्वेक्षण में देश में तीसरा स्थान तथा वायु स्वच्छता के क्षेत्र में पहला स्थान प्राप्त किया है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि केवल नगर निगम या किसी एक विभाग की नहीं, बल्कि सफाई मित्रों, अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और लखनऊ के नागरिकों के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने सफाई मित्रों की सेवाओं की सराहना करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि पात्रता के अनुसार स्वच्छता कर्मियों को केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सुनिश्चित कराया जाए।

फास्ट न्यूज

आगरा में पत्नी पर पाकिस्तानी संपर्क का आरोप

आगरा । आगरा में कासिम नाम के एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी पर पाकिस्तान में बैठे एक व्यक्ति के संपर्क में रहने का आरोप लगाया है। कासिम का दावा है कि पत्नी के मोबाइल से कई सिम कार्ड मिले हैं और वह कराची में रहने वाले शान नाम के व्यक्ति से बात करती है। पति का यह भी आरोप है कि पूछताछ करने पर पत्नी ने उसे जान से मारने की धमकी दी।

डाक भेजने में अब प्रेषक-प्राप्तकर्ता दोनों का मोबाइल नंबर अनिवार्य

नई दिल्ली। डाक विभाग ने पंजीकृत और जवाबदेह डाक भेजने के नियमों में बदलाव किया है। अब आम जनता के लिए ऐसी डाक बुक कराने के दौरान प्रेषक और प्राप्तकर्ता दोनों के मोबाइल नंबर देना अनिवार्य होगा। पहले ग्राहक के मोबाइल नंबर देने से इन्कार करने पर बिना नंबर के डाक बुक करने की छूट थी, जिसे अब खत्म कर दिया गया है।

डाक विभाग के मुताबिक मोबाइल नंबर उपलब्ध नहीं होने से डाक की ट्रैकिंग, डिलीवरी की सूचना और ग्राहकों की संतुष्टि प्रभावित हो रही थी।

आगरा में अगले 4 दिन बारिश के आसार नहीं

आगरा । मौसम साफ होने के साथ दिन का तापमान फिर बढ़ने लगा है। शुक्रवार को सुबह से धूप निकली और दोपहर में अधिकतम तापमान 36.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। न्यूनतम तापमान 23.3 डिग्री रहा। दिन में धूप के कारण गर्मी का असर बना रहा, जबकि सुबह और रात के समय तापमान में अंतर महसूस किया गया।

मुख्यमंत्री ने गांधी जयंती पर खादी आश्रम से की खरीदारी

सीएम ने खादी आश्रम में कार्यरत लोगों का कुशलक्षेम जाना और वहां मौजूद बच्चों को चॉकलेट दी

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर हजरतगंज स्थित गांधी आश्रम पहुंचे। उन्होंने यहां आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लेने के साथ ही खादी उत्पाद खरीदा। मुख्यमंत्री ने भगवा रंग का गमछा खरीदा और इसका भुगतान किया। सीएम ने गांधी आश्रम में विभिन्न खादी उत्पादों को देखा और उनके बारे में जानकारी भी ली। उन्होंने वहां आए लोगों को खादी खरीदने के लिए प्रेरित किया।

मुख्यमंत्री ने खादी आश्रम में कार्यरत सभी लोगों का कुशलक्षेम जाना और वहां मौजूद बच्चों को चॉकलेट दी। बच्चों से उनकी पढ़ाई आदि के बारे में भी पूछा। बच्चों ने पैर छूकर मुख्यमंत्री का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, कैबिनेट मंत्री राकेश सचान, राज्यसभा सांसद ब्रजलाल, विधान परिषद सदस्य डॉ. महेंद्र सिंह, पवन सिंह चौहान, उप्र राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव, भाजपा के महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी आदि मौजूद रहे।



सपा कार्यालय में पुष्पांजलि के बाद भाजपा पर साधा निशाना, बोले- पीडीए की ताकत के सामने भाजपा नहीं टिकेगी

पीडीए की ताकत के सामने भाजपा नहीं टिकेगी : अखिलेश



तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राज्य मुख्यालय लखनऊ समेत प्रदेश के सभी जिला एवं महानगर कार्यालयों में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती सादगी और गरिमापूर्ण ढंग से मनाई गई। इस दौरान सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया।

कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि महात्मा गांधी ने सत्य और अहिंसा के रास्ते पर चलकर आजादी के आंदोलन को गति दी। उन्होंने कहा कि गांधी लोकतांत्रिक मूल्यों और सिद्धांतों के प्रति दृढ़ थे। उनके बताए रास्ते पर चलने से समाज में सद्भावना बढ़ेगी और लोगों के साथ न्याय होगा। सपा प्रमुख ने कहा कि उत्तर प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी और भाजपा के बीच सीधा मुकाबला है। उन्होंने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी और इंडिया गठबंधन ने भाजपा को हराया था। अखिलेश यादव ने दावा किया कि 2027 में भी समाजवादी पार्टी भाजपा को हराकर सामाजिक न्याय की सरकार बनाएगी। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी के पीडीए में प्रेम, दया और अपनापन है। पार्टी हर दुखी, पीड़ित और अपमानित व्यक्ति के साथ खड़ी है।



अखिलेश ने भाजपा पर साधा निशाना

अखिलेश यादव ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि आज महात्मा गांधी के विचारों के विरोधी सत्ता में हैं। उनके अनुसार, ऐसी ताकतें नाथूराम गोडसे को मानती हैं और बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर के संविधान को नहीं मानतीं। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए इन ताकतों को सत्ता से हटाना जरूरी है।

उन्होंने आरोप लगाया कि लोकतंत्र और संविधान पर हमले हो रहे हैं। लूट, महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार बढ़ रहा है। अखिलेश यादव ने कहा कि 2027 का विधानसभा चुनाव लोकतंत्र और संविधान बचाने का चुनाव होगा।

अखिलेश यादव ने भाजपा पर समाज के विभिन्न वर्गों के शोषण और उन्हें धोखा देने का आरोप लगाया।

सशक्त पंचायत, समृद्ध गांव ही ग्राम स्वराज की आधारशिला, इसमें परिवारवादी मॉडल की कोई जगह नहीं: मुख्यमंत्री

11,350 ग्राम पंचायतों में स्थापित की जा रही डिजिटल लाइब्रेरी: मुख्यमंत्री

- सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा- 2017 से पहले गांवों को विकास के बजाय मिले केवल वादे, ग्रामीणों को लगाने पड़ते थे चक्कर
- गांवों को केवल वोट बैंक के रूप में देखने वाली राजनीति के कारण ग्रामीण क्षेत्रों का

तमसा संकेत, संवाददाता



ग्राम स्वराज को आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश की पहली इकाई मानकर काम कर रही हमारी सरकार: मुख्यमंत्री

लखनऊ। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उनकी सरकार गांव को विकास की अंतिम सीढ़ी नहीं, बल्कि नए भारत के आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश की पहली इकाई मानकर काम कर रही है। सशक्त पंचायत व समृद्ध गांव ही ग्राम स्वराज की आधारशिला हैं, जिसमें परिवारवादी मॉडल के लिए कोई जगह नहीं है।

मुख्यमंत्री ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर साझा की गई पोस्ट में कहा कि वर्ष 2017 से पहले गांवों को विकास नहीं, केवल वादे मिले। गांवों के नाम पर राजनीति होती रही, लेकिन व्यवस्था में पारदर्शिता और जवाबदेही का अभाव रहा। आय और जाति प्रमाण-पत्र जैसे सामान्य कार्यों के लिए भी ग्रामीणों को तहसील, थाना और जिला मुख्यालय के चक्कर लगाने पड़ते थे। गांवों को केवल वोट बैंक के रूप में देखने वाली राजनीति के कारण ग्रामीण क्षेत्रों का विकास प्रभावित हुआ। वर्तमान सरकार ने व्यवस्था में बदलाव करते हुए ग्राम पंचायतों को सुविधाओं और सेवाओं से जोड़ने पर काम किया है।

57,600 ग्राम सचिवालयों में डिजिटल सुविधाएं

मुख्यमंत्री ने अपनी पोस्ट में लिखा कि पिछले साढ़े नौ वर्षों में प्रदेश के 57,600 ग्राम सचिवालयों के माध्यम से ग्रामीणों को ई-ग्राम स्वराज, डिजिटल भुगतान, ऑनलाइन मॉनिटरिंग जैसी विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई है। इससे ग्राम पंचायतों के कामकाज में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित की गई है।



बापू के देश में लोकतंत्र का चीरहरण नहीं होने देंगे

सड़क से सदन तक लड़ी जाएगी लड़ाई: मनोज मिश्रा

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। आम आदमी पार्टी उत्तर प्रदेश प्रभारी व राज्यसभा सांसद संजय सिंह के निर्देश पर शुक्रवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की जयंती पर आम आदमी पार्टी उत्तर प्रदेश के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने जीपीओ, हजरतगंज लखनऊ में लोकतंत्र व निष्पक्ष चुनावी प्रक्रिया को तार-तार करने के विरोध में पार्टी कार्यकर्ताओं ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए उनकी सांकेतिक अर्थी निकालकर प्रचंड विरोध प्रदर्शन किया। केंद्र सरकार और चुनाव आयोग के पक्षपातपूर्ण रवैये के खिलाफ कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की। इस दौरान मौके पर मौजूद भारी पुलिस बल के साथ कार्यकर्ताओं की तीखी नोकझोंक हुई, जिसके बाद पुलिस प्रशासन ने तानाशाहीपूर्ण रवैया अपनाते हुए सभी प्रमुख पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को जबरन गिरफ्तार कर लिया।



प्रदर्शन का नेतृत्व करते हुए अयोध्या प्रांत अध्यक्ष विनय पटेल ने मुख्य चुनाव आयुक्त पर सीधा हमला बोलते हुए कहा कि देश का लोकतंत्र आज़ादी के बाद के सबसे गहरे संकट से गुज़र रहा है। जिस चुनाव आयोग की जिम्मेदारी निष्पक्ष, पारदर्शी और स्वतंत्र चुनाव कराने की है, उसके शीर्ष पद पर बैठे मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पूरी तरह से सत्तारूढ़ भाजपा के एजेंट के रूप में काम कर रहे हैं।

घटना : उफनती नदी में फेंके शव, 5 दिन बाद भी बरामद नहीं 50 लाख की फिरौती मांगी थी

किडनैप कर 2 लोगों की हत्या

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ में KGMU के नर्सिंग अफसर लापता नहीं बल्कि उनकी हत्या की गई है। पुलिस ने शुक्रवार शाम मामले का खुलासा कर दिया। बताया है कि असिस्टेंट नर्सिंग सुपरिटेंडेंट पवन कुमार गर्ग (45) और उनके साथी सचिन विश्वकर्मा की साथ में हत्या की गई। मिठाई दुकानदार ने पवन को प्रॉपर्टी दिखाने के बहाने बुलाया था।

इसके बाद अपने 4 अन्य साथियों के साथ मिलकर उन्हें किडनैप कर लिया। प्रॉपर्टी के रखे 50 लाख रुपए मांगने लगा। कहा कि वह रकम दे दे और भूल जाए। अगर नहीं दिया तो हत्या कर दी जाएगी। विरोध करने पर पवन और उनके साथी सचिन को मार डाला। थार से शव को उफनती घाघरा नदी में पुल के ऊपर से फेंक दिया। यह वारदात 28 सितंबर की दोपहर करीब 12 बजे के बाद की है। अब तक दोनों की डेडबॉडी नहीं मिली है। लेकिन, पुलिस ने मुख्य आरोपी समेत 5 लोगों को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। पांचों ने हत्या से पहले दोनों को 1 दिन अलग-अलग कमरों में बंधक भी बनाए रखा था। पवन की कार को सीतापुर में खड़ी कर आए थे। आरोपियों ने पवन और सचिन का गला रस्सी से घोंट डाला था। सबूत मिटाने के लिए आरोपियों ने दोनों के शवों को महमूदाबाद के पास चलहरी घाट पर घाघरा नदी में फेंक दिया। मड़ियांव थाना पुलिस और क्राइम ब्रांच (उत्तरी जोन) ने पांचों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान लोधौली इटौंजा के मिठाई दुकानदार नितिन मिश्रा उर्फ डब्लू (38), ऑटो ड्राइवर प्रकाश सिंह उर्फ पुद्दी (24), चाय दुकानदार सूरज सिंह (32), आढ़त मुनीम मोहित सिंह (26) और अजीत पुलिया, माल रोड इटौंजा के अवनीश कुमार मौर्य (38) के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके पास से मृतकों की सोने की चेन और अंगूठी, मृतक का ड्राइविंग लाइसेंस (DL), आधार कार्ड और बैंक स्टेटमेंट की फोटोकॉपी बरामद की है।



निर्माणाधीन मकान में बंधक बनाया

आरोपी दोनों को अन्नामऊ स्थित नितिन के निर्माणाधीन मकान में ले गए और अलग-अलग कमरों में बंधक बनाकर 50 लाख रुपए की फिरौती मांगी। चकमा देने के लिए नितिन पवन की ब्रेजा गाड़ी ढाबे से उठाकर सीतापुर में खड़ी कर आया। 28 सितंबर को दोपहर के समय में पवन के पैसे देने से इनकार करने पर आरोपियों को पकड़े जाने का डर सताने लगा।

जमीन खरीदने की बात बनी काल

डीसीपी उत्तरी अमित कुमार आनंद ने बताया कि पुलिस पूछताछ में मुख्य आरोपी नितिन मिश्रा उर्फ डब्लू महराज ने बताया कि वह पवन कुमार गर्ग को पहले से जानता था। पवन ने उसे बताया था कि उसके पास जमीन खरीदने के लिए 50-60 लाख रुपए पड़े हैं। उसने कोई अच्छी प्रॉपर्टी दिखाने को कहा था। भारी-भरकम रकम की जानकारी होते ही नितिन ने अपने साथियों के साथ मिलकर अपहरण और फिरौती वसूलने की साजिश रच डाली। 27 सितंबर की रात को नितिन ने पवन को भिठौली क्रॉसिंग पर बुलाया। पवन अपने दोस्त सचिन विश्वकर्मा को साथ लेकर पहुंचा। आरोपी ने दोनों को इटौंजा स्थित न्यू फौजी ढाबे पर ले गए, जहां शराब पीने के दौरान आपस में कहासुनी हुई।

उत्तर रेलवे ने दिलाई स्वच्छता शपथ



तमसा संकेत, संवाददाता

स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत उत्तर रेलवे के प्रधान कार्यालय, बड़ौदा हाउस में आज दिनांक 2 अक्टूबर को उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक श्री राजेश कुमार पाण्डेय ने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर महाप्रबंधक श्री राजेश कुमार पाण्डेय ने वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। उन्होंने स्वच्छता के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर बल दिया।

इस आयोजन में उत्तर रेलवे के अपर महाप्रबंधक श्री हर्ष खरे सहित सभी विभागों के प्रमुख विभागाध्यक्ष, वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत उत्तर रेलवे द्वारा अपने कार्यालयों, स्टेशनों एवं अन्य परिसरों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा पर्यावरण संरक्षण को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है।



महाप्रबंधक श्री राजेश कुमार पाण्डेय ने स्वच्छता को दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने तथा स्वच्छता के प्रति सामूहिक जिम्मेदारी निभाने का संदेश दिया।

कहा- दूसरी पार्टी जॉइन नहीं कर रहा, ससुर को निकालने का आपका फैसला सही

आकाश आनंद ने बुआ मायावती से माफी मांगी

बैठक

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ । मायावती के भतीजे आकाश आनंद ने पार्टी से निकाले जाने के 22 दिन बाद पहली बार चुप्पी तोड़ी। उन्होंने शुक्रवार को मायावती से माफी मांगी। कहा- आप मेरी राजनीतिक गुरु हैं, मेरी प्रेरणा हैं। मेरी बुआ मां भी हैं।

आकाश ने X पर लिखा-राजनीति में मैंने जो कुछ सीखा, वो आपसे सीखा। जो कुछ किया, वो आपके मार्गदर्शन में किया। मेरी चुप्पी को गलत समझा गया। अगर इससे आपको ठेस पहुंची है, तो मैं उसके लिए आपसे क्षमा चाहता हूं। मैं सिर्फ आपके नेतृत्व में फिर से पार्टी और मिशन की सेवा का अवसर चाहता हूं। आकाश ने दूसरी पार्टियों में जाने की अटकलों को भी खारिज कर दिया। कहा- मैं किसी दूसरे राजनीतिक दल में नहीं जा रहा। न आज, न कभी। BSP मेरे लिए सिर्फ एक पार्टी नहीं, मेरा परिवार है। दरअसल, आकाश को पार्टी से बाहर किए जाने के बाद चंद्रशेखर और अखिलेश यादव ने पार्टी जॉइन करने का ऑफर दिया था। तभी से यह कयास लग रहा था कि आकाश दूसरी पार्टी जॉइन कर सकते हैं। 10 दिसंबर, 2023 को यूपी-उत्तराखंड के नेताओं की बैठक बुलाई। इसमें मायावती ने अपने सबसे छोटे भाई आनंद कुमार के बेटे आकाश को उत्तराधिकारी घोषित किया। 7 मई 2024 को आकाश की गलतबयानी की वजह से मायावती ने उनसे सभी जिम्मेदारियां छीन ली। आकाश को उत्तराधिकारी पद के साथ ही नेशनल कोऑर्डिनेटर पद से हटा दिया। मायावती ने कहा था कि आकाश अभी अपरिपक्व (इमेच्योर) हैं।



तस्वीर 23 जून, 2024 की है, जब लखनऊ में बसपा की एक बैठक में आकाश आनंद ने मायावती के पैर छुए थे।

> अशोक सिद्धार्थ ने तब एक्स पर भावुक पोस्ट करते हुए लिखा था- संन्यास तो छोटी बात है। बहनजी के लिए जान भी दे सकता हूं। उनके आदेश के आगे परिवार, रिश्ते-नाते सब बहुत छोटे हैं। मैंने कभी आकाश को गुमराह करने की कोशिश नहीं की।

ससुर को पार्टी से निकालने के फैसले को ठीक बताया

आकाश ने कहा- अशोक सिद्धार्थ (ससुर) को पार्टी से निकालने और राजनीति से उनके संन्यास का आपका (मायावती) फैसला पूरी तरह ठीक है। मैं उस फैसले के साथ खड़ा हूं। रिश्ते अपनी जगह हैं, लेकिन मिशन उनसे बड़ा है। व्यक्तिगत और पारिवारिक हितों से ऊपर पार्टी और आंदोलन का हित रखना मेरी जिम्मेदारी है। माना जा रहा है कि आकाश की इस पोस्ट के बाद मायावती उन्हें पार्टी में वापस ले सकती हैं। यही नहीं, यूपी चुनाव को देखते हुए उन्हें कोई महत्वपूर्ण पद भी दिया जा सकता है।

मायावती ने कहा था- आकाश डबल माइंड, उन्हें ससुर से ज्यादा लगाव

3 सितंबर को मायावती ने राष्ट्रीय संयोजक पद से आकाश को हटाया था। कहा- उन्हें अभी और अधिक मैच्योर होने की जरूरत है। 9 सितंबर को मायावती ने उन्हें पार्टी से निकाल दिया। कहा था- उन्हें अपने ससुर से ज्यादा लगाव है। वह डबल माइंड हो गए हैं। आकाश ने मेरी पोस्ट को रिपोस्ट तक नहीं किया। अगर वह पार्टी में स्वतंत्र रहना चाहते हैं तो वे स्वतंत्र हैं। इसलिए आज से उन्हें पार्टी से आजाद कर दिया गया है। मायावती ने आकाश को पार्टी से बाहर करने से एक दिन पहले यानी 8 सितंबर को उनके ससुर और पूर्व सांसद अशोक सिद्धार्थ के राजनीति से संन्यास की शर्त रखी थी। मायावती की इस शर्त के करीब 17 घंटे बाद अशोक सिद्धार्थ ने राजनीति से संन्यास का ऐलान कर दिया था।

गांधी और शास्त्री केवल देश के नहीं, बल्कि पूरी दुनिया के अनमोल रत्न हैं : शिशिर



तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी और पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री जी की आज जयंती के अवसर पर खादी बोर्ड के CEO शिशिर (IAS) द्वारा खादी बोर्ड परिसर में माल्यार्पण करके दोनों भारत रत्नों की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर उपस्थित रहे खादी बोर्ड के समस्त वरिष्ठ अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सीईओ शिशिर ने संबोधित किया। इस अवसर पर सीईओ शिशिर ने कहा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री देश के ही नहीं बल्कि दुनिया के अनमोल रत्न हैं। इन दोनों महापुरुषों के नाम पर पूरी दुनिया के लोग गर्व करते हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें पूरी उम्मीद है कि जब तक सूरज और चांद रहेगा तब तक इन दोनों महापुरुषों को पूरी दुनिया याद करती रहेगी।

फास्ट न्यूज

लखनऊ एयरपोर्ट पर पार्किंग की नई दरें लागू

सरोजनी नगर, लखनऊ। लखनऊ इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर कमर्शियल वाहनों के लिए एयरपोर्ट एक्सेस शुल्क, पार्किंग शुल्क और मासिक पास की नई दरें लागू हो गई हैं। एयरपोर्ट प्रशासन के मुताबिक नई दरें देश के दूसरे एयरपोर्ट पर लागू व्यवस्था के अनुसार तय की गई हैं। इसका मकसद पार्किंग, सुरक्षा और ट्रैफिक व्यवस्था को बेहतर करना है।

हत्या कर चलती थार से फेंकी 2 लाशें

लखनऊ। लखनऊ में 5 दिन से लापता KGMU के नर्सिंग अफसर और उनके दोस्त की हत्या की गई थी। हत्यारों ने दोनों को प्रॉपर्टी दिखाने के बहाने बुलाया। इसके बाद बंधक बनाकर 50 लाख फिरौती मांगने लगे। रकम न मिलने पर दोनों को मार डाला। इसके बाद चलती थार से दोनों की लाश घाघरा नदी में फेंक दी।

पुलिस ने 28 सितंबर की वारदात का शुक्रवार शाम खुलासा किया। हत्या में शामिल 5 आरोपियों ने दोनों दोस्तों को अलग-अलग कमरों में बंधक बनाकर रखा था। शक से बचने के लिए पवन की कार सीतापुर में खड़ी कर दी थी।

लखनऊ में युवक ने कनपटी में मारी गोली, मौत

लखनऊ । लखनऊ में युवक ने लाइसेंसी पिस्टल से कनपटी में गोली मारकर सुसाइड कर लिया। फायरिंग की आवाज सुनकर परिजन कमरे में पहुंचे। वहां वह खून से लथपथ पड़ा मिला। परिजन उसे ट्रॉमा सेंटर लेकर पहुंचे, जहां इलाज के दौरान उसकी जान चली गई। गोली चलने के बाद इलाके में हड़कंप मच गया।

13 साल छोटा देवर भाभी संग फंदे पर लटका

बेटे ने खिड़की से मां-चाचा को देखा

तमसा संकेत, एजेंसी

हरदोई । हरदोई में शुक्रवार सुबह 13 साल छोटा देवर भाभी के साथ फंदे पर लटका मिला। महिला के 8 साल के बेटे ने मां-चाचा के शव देखे तो घरवालों को बताया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़कर दोनों शवों को नीचे उतारा। इसके बाद पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया। पुलिस को गांववालों ने बताया कि भाभी-देवर के बीच अफेयर था। वहीं, परिवारवाले इस बात से इनकार कर रहे हैं। महिला की 12 साल पहले शादी हुई थी। उसका पति काम-धंधे के सिलसिले में शहर से बाहर रहता था। घटना बिलग्राम क्षेत्र के हबीबनगर गांव की है। महिला का नाम सीमा (35) था। वहीं देवर का नाम रामरूप (22) था। सीमा की शादी 12 साल पहले रामरूप के बड़े भाई देशराज से हुई थी। देशराज पहले हरदोई में ही ठेकेदारी करता था लेकिन डेढ़ साल पहले वह अयोध्या से अपना काम करने लगा। रामरूप भी उसके साथ ही काम करता था। वह अपने घर भी आता जाता रहता था।



रामरूप, मृतक

देशराज के पिता राजाराम ने बताया- रामरूप 7 दिन पहले गांव आया था। गांव में हमारे दो घर हैं। हमने एक घर देशराज को दे दिया था। एक घर में मैं, मेरी पत्नी और रामरूप रहते थे। दोनों घरों की दूरी 500 मीटर है। गुरुवार रात रामरूप घर पर ही था लेकिन फिर कहीं चला गया। हम लोग भी सो गए।

बिजनौर में फर्जी वसीयत-मृत्यु प्रमाण पत्र से कब्जा, 2 गिरफ्तार, लेखपाल समेत आरोपियों की तलाश जारी

एमपी के पूर्व सीएम की 26 बीघा की जमीन हड़पी

तमसा संकेत, एजेंसी

बिजनौर। मध्य प्रदेश के पूर्व सीएम कमलनाथ के पिता स्व. महेंद्रनाथ की बिजनौर में 26 बीघा जमीन हड़पने की कोशिश का मामला सामने आया है। आरोप है कि जमीन पर दावा करने के लिए फर्जी वसीयत और मृत्यु प्रमाण पत्र तैयार कराए गए।

पूर्व सीएम कमलनाथ की शिकायत पर नजीबाबाद पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। गुरुवार को पुलिस ने दो आरोपियों धर्मपाल सिंह और विजय शंकर को गिरफ्तार किया है। लेखपाल समेत दो अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

कमलनाथ ने 18 मई 2026 को जमीन पर विरासत दर्ज कराने के लिए नजीबाबाद तहसीलदार के यहां आवेदन किया था। इस दौरान लेखपाल ने जमीन को विवादित बताते हुए रिपोर्ट दी। इसके बाद कमलनाथ को पता चला कि जमीन को लेकर नजीबाबाद कोर्ट में धर्मपाल बनाम ग्राम सभा वाद चल रहा है। इसी मामले में धर्मपाल सिंह की ओर से महेंद्रनाथ के नाम की वसीयत दाखिल की गई थी। इसके बाद कमलनाथ ने दस्तावेजों की जानकारी जुटाई और पुलिस से शिकायत की। पुलिस के अनुसार, महेंद्रनाथ की करीब 90 बीघा जमीन लंबे समय से बटाई पर दी गई थी। परिवार की ओर से लंबे समय तक जमीन की निगरानी नहीं होने का आरोपियों ने फायदा उठाया। एसपी कृष्ण कुमार बिश्नोई के मुताबिक, इसी दौरान 26 बीघा जमीन पर दावा करने की कोशिश की गई। पुलिस बाकी जमीन से जुड़े दस्तावेजों की भी जांच कर रही है।



मामले में नामजद लेखपाल डेविड की भूमिका की भी जांच हो रही है। आरोप है कि उसकी रिपोर्ट में धर्मपाल को जमीन का काश्तकार बताया गया था। पुलिस यह जांच कर रही है कि राजस्व रिकॉर्ड में जमीन को लेकर रिपोर्ट किस आधार पर तैयार की गई। पुलिस के मुताबिक, दस्तावेजों को तैयार कराने से लेकर उन्हें तहसील-दार कोर्ट में इस्तेमाल करने तक की पूरी प्रक्रिया की जांच की जा रही है।

1998 की वसीयत और 2003 का मृत्यु प्रमाण पत्र

कमलनाथ ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनके पिता महेंद्रनाथ के नाम पर नजीबाबाद तहसील के अमीखानपुर गांव में करीब 90 बीघा जमीन है। आरोपियों ने 10 अक्टूबर 1998 की एक वसीयत तैयार की। यह वसीयत रजिस्टर्ड नहीं थी।

इसके अलावा महेंद्रनाथ का 10 अप्रैल 2003 को नजीबाबाद से मृत्यु प्रमाण पत्र जारी कराया गया। जबकि कमलनाथ के मुताबिक उनके पिता की मृत्यु 7 सितंबर 2004 को दिल्ली के एस्कॉर्ट अस्पताल में हुई थी। पुलिस के अनुसार, इन्हीं दस्तावेजों के जरिए करीब 26 बीघा जमीन पर कब्जे का दावा किया गया।

लेखपाल समेत चार पर एफआईआर, दो गिरफ्तार

कमलनाथ की शिकायत पर नजीबाबाद पुलिस ने धर्मपाल सिंह, जसविंदर सिंह ढिल्लो, विजय शंकर पांडेय और हल्का लेखपाल डेविड कुमार के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने धर्मपाल सिंह और विजय शंकर को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक, विजय शंकर ने फर्जी वसीयत टाइप की थी। बाकी आरोपियों की भूमिका की जांच की जा रही है।

महिला ने 19 साल छोटे प्रेमी संग जान दी

बहराइच के होटल में फंदे से झूले, मरने से पहले इंस्टाग्राम पर डाली थी रील

तमसा संकेत, एजेंसी

बहराइच । बहराइच में गुरुवार देर शाम होटल में एक महिला ने 19 साल छोटे प्रेमी के साथ फंदा लगाकर जान दे दी। दोनों 22 सितंबर से खुद को पति पत्नी बताकर रुके हुए थे। दिनभर कोई हलचल न होने पर होटल के स्टाफ ने गुरुवार शाम को दरवाजा खटखटाया लेकिन कोई रिस्पांस नहीं मिला। इसके बाद अनहोनी की आशंका पर कोतवाली पुलिस को सूचनी दी गई। इसके बाद पुलिस ने दरवाजा तोड़ा तो अंदर दोनों की लाश फंदे पर लटके मिले। महिला की लाश दुपट्टे से लटकी थी, जबकि युवक ने गमछे के सहारे फंदा लगाया था। इसके बाद फॉरेंसिक टीम ने कमरे की जांच की। मौके से कोई सुसाइड लेटर नहीं मिला। पूरा मामला नगर कोतवाली क्षेत्र में जिला अस्पताल के सामने स्थित अवध कैलाश होटल का है।



पिंकी, मृतक

> शुक्रवार को पड़ताल के दौरान मृतक युवक के इंस्टाग्राम पर एक रील मिली। जो बुधवार को पोस्ट की गई थी। जिसमें रिंकू महिला के साथ नजर आ रहा है। बैकग्राउंड में हरियाणवी गाना भी बज रहा है। युवक श्रावस्ती का रहने वाला है, जबकि महिला गौतम बुद्ध नगर की रहने वाली है।

गौतमबुद्ध नगर निवासी रहने वाली पिंकी (46) शादीशुदा थी। पति का नाम विजय शर्मा है। वो कैटरिंग का काम करते हैं। परिवार में एक बेटा जीवांश (5) व 10 साल की बेटी है।

पति बोला- पिंकी घर से पैसे जेवर निकली थी

पत्नी के सुसाइड की सूचना पर पिंकी के पति विजय बहराइच पहुंचे। विजय ने बताया कि रिंकू हमारे घर के सामने किराए पर रहता था। इसी दौरान हम लोगों से इसकी पहचान हुई। रिंकू पिंकी को पहले बहन मानता था। 14 सितंबर को पत्नी घर से एक लाख नगद व जेवर समेत करीब तीन लाख की का सामान लेकर चली गई। शाम को 6:11 बजे उसका फोन बंद हो गया। इसके बाद 30 सितम्बर को रिंकू के फोन से उसने कॉल कर कहा था कि 80 हजार रुपए रिंकू के फोन पर ऑनलाइन भेज दो। इसके बाद ये हमें नोएडा आकर छोड़ देगा।



युवक ने बुधवार को इंस्टाग्राम पर एक रील पोस्ट की थी। जिसमें वो महिला के साथ नजर आ रहा है।

रिंकू के पिता बोले- 11 जुलाई को हुई थी बेटे की शादी

रिंकू की मौत की सूचना पर पिता पतिराम यादव परिवार के साथ बहराइच पहुंचे। मृतक रिंकू के चचेरे भाई राम प्रगट यादव ने बताया- रिंकू नोएडा में ठेके पर लाइनमैन का काम करता था। इसी साल 11 जुलाई को उसकी शादी हुई थी। दुल्हन की विदाई नहीं कराई गई थी। वो एक अगस्त को यहां से नोएडा चला गया था।

श्रावस्ती के मल्हीपुर थाना क्षेत्र के कथरा माफी के मजरा हसनापुर का रहने वाला रिंकू (27) तीन भाइयों में दूसरे नंबर पर था। बड़े भाई की शादी हो चुकी है जो दिल्ली में रहकर मजदूरी करते हैं। छोटा भाई घर पर रहकर पढ़ाई करता है। रिंकू भी बिजली मैकेनिक का काम करता था।

पूर्व बीजेपी विधायक ने सपा एमएलए का बैनर हटवाया

तमसा संकेत, एजेंसी

कानपुर । कानपुर की कैंट विधानसभा में सड़क मरम्मत कार्य के दौरान इस्तेमाल किए जा रहे रोड रोलर पर सपा विधायक और पार्षद का बैनर लगाए जाने पर बीजेपी के पूर्व विधायक भड़क गए। पूर्व भाजपा विधायक रघुनंदन भदौरिया ने मौके पर पहुंचकर रोड रोलर पर लगा बैनर हटवा दिया। इसका वीडियो सामने आया। कैंट क्षेत्र के सुजातगंज में स्थित गल्ला गोदाम सड़क पर गुरुवार को गड्ढों की मरम्मत का काम किया जा रहा था। पूर्व विधायक रघुनंदन भदौरिया का कहना है कि यदि जनप्र-तिनिधि काम करा रहे हैं तो बैनर-पोस्टर सड़क किनारे या दीवारों पर लगाए जा सकते हैं, बैनर में तो जिस विभाग के माध्यम से काम कराया जा रहा है, उसका नाम भी लिखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के प्रयासों से काम कराया जा रहा है, लेकिन बैनर पर उसका कोई उल्लेख नहीं है।



वीडियो में रघुनंदन भदौरिया सड़क निर्माण कार्य के दौरान सरकारी वाहन पर बैनर लगाए जाने को लेकर नाराजगी जताते नजर आ रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि समाजवादी पार्टी के विधायक और पार्षद भाजपा के प्रयासों से हो रहे कार्यों का श्रेय लेने का प्रयास कर रहे हैं। वीडियो में भदौरिया ने कहा- समाजवादी पार्टी के लोग भाजपा पर काम नहीं करने का आरोप लगाते हैं, जबकि सड़क का निर्माण भाजपा के प्रयासों से कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा काम के बल पर चुनाव जीतती है और उनके सांसद भी क्षेत्र में विकास कार्यों के लिए पूरी तरह सक्रिय हैं।

पृष्ठ 01 का शेष...

आज देश में कोई ...

मुख्यमंत्री ने प्रस्तुति की सराहना करते हुए इसे पूरे प्रदेश तक विस्तारित करने के निर्देश दिए। सीएम योगी ने कहा कि पूर्वांचल में भोजपुरी, मध्य क्षेत्र में अवधी, ब्रज में ब्रज भाषा और बुंदेलखंड में बुंदेलखंडी शब्दों के साथ स्थानीय लोकगीत भी इस प्रस्तुति में जोड़े जाएं। मुख्यमंत्री ने बाल कलाकारों और भारतेंदु नाट्य अकादमी के दल की सराहना की और कार्यक्रम के बाद कलाकारों के साथ तस्वीर भी खिंचवाई। इस दौरान उन्होंने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को उनकी जयंती पर नमन करते हुए श्रद्धांजलि भी अर्पित की।

गांधी जयंती पर मोदी ...

शास्त्री का जन्म 2 अक्टूबर 1904 में यूपी के मुगलसराय में हुआ था।

शाम को गांधी स्मृति पर प्रार्थना सभा हुई। इसमें प्रधानमंत्री मोदी भी पहुंचे और पुष्पांजलि दी।

केंद्रीय कोयला और खान मंत्री जी किशन रेड्डी ने 2 अक्टूबर गांधी जयंती से लेकर 31 अक्टूबर को सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती तक, 30 दिनों के राष्ट्रव्यापी स्वच्छता अभियान का आह्वान किया। उन्होंने नागरिकों, सरकारी और निजी संस्थानों, शैक्षणिक संस्थानों, NGOs और अन्य संगठनों से इसमें भाग लेने की अपील की।

आराधना मिश्रा बनीं ...

वह पहले उत्तर प्रदेश कांग्रेस में उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी भी संभाल चुके हैं. आराधना मिश्रा की नियुक्ति के साथ अजय राय का उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के तौर पर कार्यकाल खत्म हो गया है. अब प्रदेश संगठन की जिम्मेदारी नई टीम के हाथों में होगी. पार्टी ने प्रदेश अध्यक्ष के साथ कार्यकारी अध्यक्ष और वरिष्ठ उपाध्यक्षों की नियुक्ति कर बड़ा संदेश दिया है. नए संगठनात्मक बदलाव को 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारियों से जोड़कर देखा जा रहा है.

दुनिया के सबसे ऊंचे...

यात्रा का समय कम होगा और यात्रियों को तेज, सुरक्षित और आराम-दायक यात्रा का अनुभव मिलेगा।'

जून 2025 में कश्मीर रेल लिंक का काम पूरा होने के बाद वंदे भारत एक्सप्रेस शुरू में कटरा और श्रीनगर के बीच चलाई गई थी। अप्रैल 2026 में इसे जम्मू तवी तक बढ़ाया। साथ ही ट्रेन में कोच की संख्या आठ से बढ़ाकर 20 कर दी गई।

रेल मंत्रालय के मुताबिक जम्मू-श्रीन-गर के बीच नियमित सेवा 2 मई को शुरू हुई। रेल मंत्रालय ने अगस्त में कहा था कि अब लगभग 81% नेटवर्क को 110 किमी प्रति घंटे या उससे ज्यादा की स्पीड के लिए अपग्रेड कर दिया गया है। 2014 में यह आंकड़ा करीब 40% था।

कटरा-बनिहाल सेक्शन 272 किलोमीटर लंबे USBRL का हिस्सा है। यह पूरा लिंक जून 2025 में चालू हुआ था। चिनाब रेल ब्रिज नदी के तल से 359 मीटर ऊपर बना है और इसकी लंबाई 1,315 मीटर है।

दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे ब्रिज 'चिनाब ब्रिज' को भूकंप, बाढ़, बर्फबारी और विस्फोटकों से बचाने के लिए खास तरीके से तैयार किया गया है।

ब्रिज का इलाका भूकंप के जोन चार में आता है, लेकिन इसे भूकंप क्षेत्र पांच के लिए डिजाइन किया गया है। यानी यह भूकंप के लिहाज से काफी सुरक्षित है और रिक्टर स्केल पर 8 की तीव्रता वाले भूकंप को भी आसानी से झेल लेगा। इस ब्रिज को अगले 120 साल के लिए बनाया गया है। इसी तरह अंजी ब्रिज भारत का पहला केबल-स्टे रेलवे ब्रिज है। अंजी नदी घाटी पर बना यह पुल कटरा और बनिहाल के बीच स्थित है। इस रूट पर देश की सबसे लंबी ऑपरेशनल ट्रांसपोर्टेशन टनल भी स्थित है जो 12.77 किमी लंबी है।

जंतर-मंतर के 68...

कॉकरोच जनता पार्टी ने यह भी कहा कि मुंबई पुलिस ने हमारा प्रदर्शन शांतिपूर्ण होने दिया। मुंबई तो सिर्फ ट्रेलर है, जो करना है कर लो, फाइनल तो हम जंतर-मंतर पर ही खेलेंगे। मुंबई के शिवाजी पार्क में CJP के प्रदर्शन के बीच फाउंडर अभिजीत दीपके ट्रक पर चढ़ गए हैं। शाम 6:30 बजे भी शिवाजी पार्क लोगों से भरा है।

CJP के विरोध प्रदर्शन में अभिनेत्री शबाना आजमी ने कहा, आप सभी का हार्दिक स्वागत है। चूंकि मैं मुंबई से हूं, इसलिए आप सभी को इतनी बड़ी संख्या में यहां देखकर मुझे अपार खुशी हो रही है। हमारा वोट हमारा अधिकार है, हमारी आवाज है। जब मतदाता सूची से हमारे नाम हटा दिए जाएं, तो हम क्या करेंगे?" प्रदर्शन के दौरान CJP ने कहा कि मुंबई पुलिस ने हमारा प्रदर्शन शांतिपूर्ण होने दिया। लेकिन दिल्ली पुलिस भूल गई है कि वो जनता की पुलिस है, भाजपा की पुलिस नहीं। तो उन्हें हम कहना चाहेंगे कि मुंबई तो सिर्फ ट्रेलर है, जो करना है कर लो, फाइनल तो हम जंतर-मंतर पर ही खेलेंगे। मुंबई के शिवाजी पार्क में आए गायक विशाल ददलानी ने प्रदर्शन के दौरान गाना गाया। इस दौरान उन्होंने भीड़ में मौजूद लोगों से भी साथ गाने को कहा। CJP के प्रवक्ता आशुतोष रांका ने कहा- पीएम की दुकान जो पिछले इतने सालों से चल रही है, वह दुकान चलाने वाला मास्टरमाइंड है ज्ञानेश कुमार। पिछले कुछ दिनों में इन्होंने 13 करोड़ लोगों को वोटर लिस्ट से हटा दिया है। जब हम कुछ नहीं थे तब इस देश में हर आदमी को वोटिंग का अधिकार मिला था। अमेरिका जैसे देश को भी 200 साल लगे थे हर नागरिक को वोटिंग का अधिकार देने में।

झपकी ने छीनी चार ...

घायलों को राजकीय मेडिकल कॉलेज सदरपुर पहुंचाया गया। एक गंभीर घायल को हालत नाजुक होने पर लखनऊ रेफर किया गया है। तेगरा एक्सप्रेस की एसी स्लीपर बस बृहस्पतिवार शाम करीब पांच बजे दिल्ली के कश्मीरी गेट से बिहार के दरभंगा के लिए रवाना हुई थी। बस में कुल 43 यात्री सवार थे। यात्री बिहार के मुजफ्फरपुर, दरभंगा और पिपरा कोठी के अलावा कुशीनगर जा रहे थे।

नाम-ओ-निशान ...

नंदीग्राम लंबे समय से TMC और भाजपा के बीच राजनीतिक संघर्ष का प्रमुख केंद्र रहा है। इस क्षेत्र में 2007 के भूमि अधिग्रहण विरोधी आंदोलन ने ममता बनर्जी और TMC को 2011 में सत्ता तक पहुंचाने में बड़ी भूमिका निभाई थी। 2021 में ममता बनर्जी ने यहीं से बंगाल के मौजूदा सीएम शुभेंदु अधिकारी के खिलाफ चुनाव लड़ा, लेकिन हार गईं। 2026 के विधानसभा चुनाव में शुभेंदु अधिकारी ने नंदीग्राम के साथ भवानीपुर सीट से भी चुनाव लड़ा और दोनों जगह जीत दर्ज की।

बाद में अधिकारी ने भवानीपुर सीट अपने पास रखी और नंदीग्राम से इस्तीफा दे दिया। इसके बाद नंदीग्राम सीट खाली हुई।हसीरानी रथ CM शुभेंदु अधिकारी के पीए चंद्रनाथ रथ की मां हैं। 6 मई की देर रात मध्यमग्राम के पास चंद्रनाथ को गोली मार दी गई थी। गंभीर हालत में उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां बाद में उनकी मौत हो गई।

तमिलनाडु में 2 सीटः मदुरांतकम और धारापुरम- ये दोनों विधानसभा सीटें मरागथम कुमारवेल और पी. सत्यबामा के इस्तीफे के बाद खाली हुई थीं। दोनों सीटों की फाइनल वोटर लिस्ट 23 फरवरी को जारी की गई।

पुडुचेरी की थट्टानचावड़ी सीटः यह सीट एन. रंगासामी के इस्तीफे के बाद खाली हुई है। सीट की मतदाता सूची 14 फरवरी को पब्लिश हुई।

पश्चिम बंगाल की रेजीनगर-नंदीग्राम सीटः रेजीनगर सीट हुमायूं कबीर और नंदीग्राम सीट शुभेंदु अधिकारी के इस्तीफे के बाद खाली हुई। इन सीटों की अंतिम वोटर लिस्ट 28 फरवरी को जारी की गई। असम की नगांव लोकसभा सीटः असम की नागांव लोकसभा प्रद्युत बोरदोलोई के इस्तीफे के बाद खाली हुई थी। इस सीट की अंतिम मतदाता सूची 10 फरवरी को जारी की गई थी।

महिला-पुरुष क्रिकेट में गेंद का वजन और साइज अलग, स्टंपिंग में कंट्रोल जरूरी

बल्लेबाज ने वक्त बर्बाद किया तो 5 रन की पेनल्टी

आरोप

दुबई, एजेंसी

ICC ने गुरुवार को क्रिकेट के नियमों में 8 बदलाव किए हैं। अब बैटिंग के दौरान अगर कोई बल्लेबाज जानबूझकर समय बर्बाद करता है तो फील्डिंग टीम को 5 पेनल्टी रन मिलेंगे। पुरुष, महिला और जूनियर क्रिकेट में इस्तेमाल होने वाली गेंद के साइज और वजन की अलग-अलग सीमा तय की गई है।

नए नियम 1 अक्टूबर 2026 या उसके बाद शुरू होने वाली इंटरनेशनल सीरीज पर लागू होंगे। जो सीरीज पहले से चल रही हैं, उनमें पुराने नियम ही लागू रहेंगे। अब बैटर को गेंद खेलने के लिए तय समय के भीतर तैयार रहना होगा। अगर अंपायर को लगता है कि बैटर गेंद का सामना करने के लिए समय पर तैयार नहीं है, तो पहली गलती पर चेतावनी और दूसरी गलती पर फाइनल वार्निंग मिलेगी। तीसरी गलती पर फील्डिंग टीम को 5 पेनल्टी रन दिए जाएंगे।



जुलाई 2025 में लॉर्ड्स टेस्ट के दौरान भारत के शुभमन गिल ने इंग्लैंड के जैक क्रॉली के समय बर्बाद करने को लेकर आपत्ति जताई थी। क्योंकि क्रॉली पर आखिरी ओवर के लिए क्रीज पर देर से पहुंचने का आरोप लगा था।

> अगर फील्डर गेंद को जानबूझकर स्टंप की ओर फेंककर रन रोकने या रन आउट करने की कोशिश करता है और गेंद आगे निकल जाती है, तो इसे ओवरथ्रो माना जाएगा। वहीं, गेंद को रोकने या दूसरे फील्डर तक पहुंचाने के दौरान हुई मिसफील्ड को ओवरथ्रो नहीं माना जाएगा।

पुरुष और महिला क्रिकेट के लिए गेंद के साइज और वजन की अलग-अलग सीमा होगी। पुरुषों की गेंद का वजन 156 से 163 ग्राम और साइज 22.4 से 22.9 सेंटीमीटर होगा। महिलाओं की गेंद का वजन 142 से 149 ग्राम और साइज 21.5 से 22 सेंटीमीटर होगा। रन आउट या स्टंपिंग के मामले में अब सिर्फ गेंद को हाथ या ग्लव से छू लेना काफी नहीं होगा। फील्डर या विकेटकीपर के पास गेंद पर पूरा कंट्रोल होना जरूरी है।



इंटरनेशनल टेस्ट मैचों में पहली बार 2015 में ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के बीच डे-नाइट टेस्ट में गुलाबी गेंद का इस्तेमाल किया गया था।

दिन के टेस्ट में पिंक बॉल का ट्रायल

अब दिन में खेले जाने वाले टेस्ट मैचों में भी पिंक बॉल का इस्तेमाल ट्रायल के तौर पर किया जा सकेगा। इसका मकसद खराब रोशनी के कारण खेल को होने वाले नुकसान को कम करना है। इसके लिए दोनों टीमों की टेस्ट शुरू होने से पहले सहमति जरूरी होगी। एक बार पिंक बॉल से खेलने का फैसला हो गया तो मैच के दौरान गेंद नहीं बदली जा सकेगी। अभी सिर्फ डे-नाइट टेस्ट मैच में गुलाबी गेंद का इस्तेमाल किया जाता है।

एशियन गेम्स के सिल्वर से ओलंपिक गोल्ड तक का लक्ष्य

ऐश्वर्य बोले-जीत और हार दोनों से सीखते हैं

भोपाल, एजेंसी

एशियन गेम्स-2026 में शूटिंग के 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन टीम इवेंट में भारत के लिए रजत पदक जीतकर मध्यप्रदेश के स्टार शूटर ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर और आशी चौकसे भोपाल लौटे। दोनों खिलाड़ियों ने अपनी तैयारियों, प्रतियोगिता के दबाव, जापान के मौसम और ट्रेनिंग के दौरान आई चुनौतियों को साझा किया। उनका अगला लक्ष्य वर्ल्ड चैंपियनशिप में प्रदर्शन के साथ ओलंपिक कोटा हासिल करना है।

ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने कहा कि एशियन गेम्स में देश के लिए सिल्वर मेडल जीतकर काफी खुशी हुई। इसके लिए उन्होंने लंबे समय तक मेहनत की थी। मेडल जीतने के बाद सबसे पहले उन्होंने अपने भैया को फोन कर बात की। परिवार से बात करने के बाद खुशी का अहसास और बढ़ गया। ऐश्वर्य ने



कहा कि उनका लक्ष्य ओलंपिक में वर्ल्ड मेडल जीतना है। फिलहाल अगले महीने होने वाली वर्ल्ड चैंपियनशिप सबसे बड़ा लक्ष्य है, क्योंकि इसमें ओलंपिक कोटा भी मिलेगा। उनके मुताबिक एशियन गेम्स का मेडल खुशी देने वाला है, लेकिन खिलाड़ी के लिए अगली चुनौती पर तुरंत ध्यान देना जरूरी है। पिछले एशियन गेम्स के प्रदर्शन से तुलना पर ऐश्वर्य ने कहा कि पिछली बार पूरे गेम्स में उनका प्रदर्शन शानदार रहा था। इस बार सिल्वर मेडल मिला। हालांकि वे इसे निराशा के तौर पर नहीं देखते। उन्होंने कहा कि खेल में जीत और हार दोनों से सीख मिलती है ।

भारत ने आखिरी मिनट में गोल कर पाकिस्तान को हराया

एशियन गेम्स में पुरुष हॉकी के फाइनल में पहुंचा, कप्तान हरमनप्रीत के 2 गोल



नागोया (जापान), एजेंसी

भारत ने बेहद रोमांचक मुकाबले में पाकिस्तान को 4-3 से हराकर एशियन गेम्स मेंस हॉकी के फाइनल में जगह बना ली है। अभिषेक ने मैच के आखिरी मिनट में गोल कर भारत को जीत दिलाई।

गोल्ड मेडल के लिए 3 अक्टूबर को भारत का सामना मलेशिया से होगा। मलेशिया ने दूसरे सेमीफाइनल में साउथ कोरिया को 2-1 से हराया है। भारत ने मैच के 23वें मिनट तक 3-0 की बढ़त बना ली थी। इसके बाद पाकिस्तान ने अगले 26 मिनट में तीन गोल कर मैच 3-3 से बराबर कर दिया। 59 मिनट तक मैच बराबरी पर था। फाइनल हूटर बजने से करीब 50 सेकेंड पहले अभिषेक ने फील्ड गोल कर भारत को जीत दिला दी।



भारत ने पाकिस्तान से आखिरी पांचों मुकाबले जीते

भारत ने मेंस हॉकी में पाकिस्तान के खिलाफ आखिरी पांचों मुकाबले जीते हैं। भारत ने एशियन गेम्स 2023, एशियन चैंपियंस ट्रॉफी 2024, प्रो लीग 2026, वर्ल्ड कप 2026 और एशियन गेम्स 2026 सेमीफाइनल में जीत दर्ज की।

डाइट में तेल कम, मछली पर खास जोर, कल कोलकाता में फ्रेंडली मैच

ब्राजील फुटबॉल टीम अपने शेफ के साथ भारत आई

नई दिल्ली, एजेंसी

ब्राजील फुटबॉल टीम अपने शेफ और न्यूट्रिशनिस्ट के साथ भारत आई है। टीम को 3 अक्टूबर को कोलकाता में साल्ट लेक स्टेडियम में भारत के खिलाफ फ्रेंडली मैच खेलना है।

खिलाड़ियों को दिन में करीब 5 बार खाना दिया जा रहा है। डाइट में तेल की मात्रा बेहद कम रखी गई है और खाना पकाने में मुख्य रूप से ऑलिव ऑयल का इस्तेमाल हो रहा है। टीम के शेफ और न्यूट्रिशनिस्ट हर मील की निगरानी कर रहे हैं।

खाने के साथ खिलाड़ियों के लिए पीने का पानी भी बाहर से मंगाया जा रहा है। शुक्रवार सुबह खिलाड़ियों के लिए ब्रेकफास्ट में ब्रेड, उबले अंडे, ताजे फल और हरी सब्जियों का सलाद परोसा गया। फ्रेश फ्रूट्स और ड्राय फ्रूट्स भी डाइट का हिस्सा हैं। खिलाड़ियों के बेवरेज के लिए भी खास रूटीन तय किया गया है। टीम के खिलाड़ियों के लिए पीने का पानी भी बाहर से सोर्स कर मंगाया जा रहा है। खाने और पेय पदार्थों के साथ हाइड्रेशन को भी तय रूटीन के मुताबिक रखा गया है। डाइट के साथ खिलाड़ी सुबह हल्का जिम सेशन भी कर रहे हैं। FIFA फ्रेंडली से पहले कोलकाता में टीम का रूटीन उसके अपने शेफ, न्यूट्रिशनिस्ट और तय फिटनेस प्लान के मुताबिक चल रहा है।





मछली और सी-फूड पर खास जोर, लंच-डिनर में राइस से चिकन तक

ब्राजील के खिलाड़ी मछली और सी-फूड पसंद करते हैं। कोलकाता में उन्हें ताजी मछली की अलग-अलग वैरायटी परोसी जा रही हैं। इन्हें टीम के अपने शेफ ही तैयार कर रहे हैं। लंच और डिनर में मछली के अलावा राइस, स्पैगेटी, बेक्ड बीन्स, चिकन, मीट और ग्रीन सलाद शामिल हैं। डेजर्ट भी सीमित मात्रा में दिया जा रहा है।

मनोरंजन



एक्टर हुए हैरान, सिक्योरिटी टीम हरकत में आई, सलमान को मिली है वाई-प्लस सुरक्षा

सलमान खान को देख अचानक पास पहुंचा फैन

नई दिल्ली। फिल्म 'प्रेम कीटाणु' की स्क्रीनिंग गुरुवार को मुंबई में आयोजित हुई। स्क्रीनिंग में सलमान खान पहुंचे और वह फिल्म के लीड एक्टर वीर पहाड़िया के साथ नजर आए। वहीं, इवेंट में जैकलीन फर्नांडिस, करण जौहर, सारा तेंदुलकर, जरीन खान और एल्विश यादव भी पहुंचे।

'प्रेम कीटाणु' एक हिंदी रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म है, जिसमें वीर पहाड़िया, आफिया सैयद और अपारशक्ति खुराना मुख्य भूमिकाओं में हैं। फिल्म का रनटाइम करीब 2 घंटे 18 मिनट है। फिल्म की कहानी रोमांस और कॉमेडी के इर्द-गिर्द बुनी गई है।

साक्षी मलिक के पोज देने के बाद सलमान रेड कार्पेट पर पहुंचे और पोज दिए। वीडियो सामने आने के बाद सोशल मीडिया पर सलमान के इस व्यवहार की तारीफ हो रही है।

गौरतलब है कि सलमान खान की सिक्योरिटी अलर्ट मोड में रहती है।

करीब पहुंचा फैन

स्क्रीनिंग के दौरान सलमान से जुड़ा एक और वीडियो सामने आया है, जिसमें इवेंट से बाहर निकलते समय एक फैन अचानक एक्टर के काफी करीब पहुंच गया। उसने सलमान से गले मिलने की कोशिश की। अचानक फैन को पास आता देख सलमान कुछ पल के लिए असहज नजर आए। इसके बाद उनके सुरक्षा गार्ड ने तुरंत बीच में आकर फैन को सलमान से दूर किया।



सलमान ने पीछे खड़े होकर इंतजार किया

'प्रेम कीटाणु' की स्क्रीनिंग के दौरान सलमान खान का एक वीडियो सोशल मीडिया पर चर्चा में है। स्क्रीनिंग में सलमान जब पहुंचे तो मीडिया और पैपराजी ने उन्हें रेड कार्पेट पर आकर तस्वीरें देने के लिए कहा। हालांकि, उसी समय मॉडल और एक्ट्रेस साक्षी मलिक कैमरों के सामने पोज दे रही थीं। सलमान ने तुरंत रेड कार्पेट पर पहुंचने के बजाय इंतजार किया।

ओटीटी पर सस्पेंस थ्रिलर सीरीज का तांडव

3 करोड़ से ज्यादा व्यूज पाकर रचा इतिहास

नई दिल्ली। OTT प्लेटफॉर्म आम लोगों की जिंदगी का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुका है। स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर हर हफ्ते कोई न कोई ऐसी फिल्म और सीरीज रिलीज होती है, जो पूरे हफ्ते टॉप ट्रेंडिग बनी रहती है। हालांकि, अब हम आपको उस वेब सीरीज के बारे में बता रहे हैं, जिसकी कहानी ने लोगों का दिल छुआ।

यही वजह है कि दो महीने बीत जाने के बाद भी सस्पेंस से भरपूर को काफी देखा जा रहा है। जिसकी वजह से ओटीटी प्लेटफॉर्म पर मिस्ट्री थ्रिलर सीरीज ने 3 करोड़ से अधिक व्यूज पाकर एक नया इतिहास रच दिया है। 3 जुलाई को रिलीज हुई कौन सी है वह सीरीज जो बनी मोस्ट वॉचेबल और कौन से ओटीटी



प्लेटफॉर्म पर आप इसे देख सकते हैं, नीचे आर्टिकल में डिटेल में पढ़ें।

जिस सीरीज को पिछले तीन महीने में लोगों ने खूब पसंद किया है वह राजकुमार हिरानी की प्रीतम एंड पेड्रो है, जिसमें वीर हिरानी और अरशद वारसी ने मुख्य भूमिका निभाई है। साइबर टेक्नोलॉजी पर बेस्ड इस सीरीज में अरशद वारसी ने पेड्रो का किरदार निभाया है, जो गोवा का पुलिस ऑफिसर है और एक बच्चे के किडनैपिंग के केस को सॉल्व करना चाहता है।

इंडोनेशिया के बाली में एक्सीडेंट, एयर एंबुलेंस से मुंबई लाया जा रहा, सर्जरी होगी

एक्ट्रेस नुसरत भरूचा को रीढ़ की हड्डी में फ्रैक्चर

मुंबई, एजेंसी

एक्ट्रेस नुसरत भरूचा के बाली में हुए हादसे के बाद रीढ़ की हड्डी में फ्रैक्चर हो गया है।

न्यूज एजेंसी आईएएनएस के मुताबिक, नुसरत फिलहाल बाली के अस्पताल में भर्ती हैं और डॉक्टरों की निगरानी में हैं।

शुक्रवार को नुसरत की टीम की पब्लिसिस्ट संचिता त्रिवेदी ने बताया कि डॉक्टर आगे की जांच के बाद उनकी रीढ़ की सर्जरी करेंगे। उन्हें इलाज के लिए एयर एंबुलेंस से बाली से मुंबई लाने की तैयारी की जा रही है। मुंबई पहुंचने के बाद उनकी सर्जरी होगी। टीम के मुताबिक, चोट और सर्जरी की वजह से नुसरत को आराम करने और ठीक होने में समय लगेगा। इसका असर आने वाले हफ्तों में उनकी काम से जुड़ी जिम्मेदारियों पर भी पड़ सकता है। टीम ने सभी से उनकी निजता का सम्मान करने और उन्हें इलाज पर ध्यान देने देने की अपील की है।

बता दें कि हादसे से करीब एक हफ्ते पहले नुसरत ने सोशल मीडिया पर छुट्टियों की कुछ तस्वीरें शेयर की थीं।

इससे पहले अगस्त 2021 में नुसरत की शूटिंग के दौरान अचानक तबीयत बिगड़ गई थी। वह लव रंजन की फिल्म की शूटिंग कर रही थीं। करीब 23-24 दिनों से लगातार काम करने के कारण वह काफी थक गई थीं। घटना वाले दिन उन्हें तेज चक्कर आए और वह ठीक से खड़ी या बात नहीं कर पा रही थीं। इसके बाद उन्हें मुंबई के हिंदुजा अस्पताल ले जाया गया। वहां उनका ब्लड प्रेशर 65/55 तक गिर गया था। डॉक्टरों ने जांच के बाद इसे गंभीर वर्टिगो अटैक बताया था। इसकी वजह ज्यादा तनाव और थकान बताई गई थी। इलाज के बाद उन्हें घर भेज दिया गया। डॉक्टरों ने 15 दिन आराम की सलाह दी थी। उनकी

> वहीं, जनवरी 2023 में फिल्म 'छोरी 2' की शूटिंग के दौरान एक एक्शन सीन करते समय उनके चेहरे पर चोट लग गई थी। चोट इतनी थी कि उन्हें चेहरे और भौंह के पास टांके लगवाने पड़े थे। इसके बाद उनका एक वीडियो भी सामने आया था, जिसमें वह टांके लगवाती नजर आई थीं।



नुसरत ने तस्वीरें शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा था, "छुट्टियां मनाने का मन है! अब कहां जाऊं?"

टाइगर श्रॉफ की फिल्म में एंट्री

नुसरत के टाइगर श्रॉफ की अगली फिल्म की कास्ट में शामिल होने की भी खबर है। यह टाइगर और नुसरत की पहली ऑन-स्क्रीन जोड़ी होगी।

एक सूत्र ने पिंकविला को बताया, "टीम को ऐसी एक्ट्रेस चाहिए थी, जो कहानी में मजबूती और भावनात्मक गहराई ला सके। नुसरत हमेशा सबसे मजबूत विकल्पों में थीं।"

फिल्म में पश्मीना रोशन, अभिषेक बनर्जी और एल्विश यादव भी अहम भूमिकाओं में हैं।

शूटिंग के दौरान घायल हुई थीं नुसरत

साल 2023 में नुसरत भरूचा के शूटिंग के दौरान घायल होने की दो घटनाएं सामने आई थीं। अप्रैल 2023 में फिल्म 'अकेली' की शूटिंग के दौरान भी नुसरत हादसे का शिकार हुई थीं। एक सीन में उन्हें भागते हुए दिखाया जाना था। इसी दौरान वह संगमरमर के फर्श पर सिर के बल गिर गई थीं। हादसे के बाद वह करीब आधे घंटे तक दर्द से रोती रहीं। डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें कुछ दिन आराम करने की सलाह दी थी।



पुतिन ने नाटो देशों को परमाणु हमले की धमकी दी

चेतावनी

कहा- कलिनिनग्राद पर हमला किया तो सारे हथियार तैयार, यहां 80 साल से रूसी कब्जा

मॉस्को, एजेंसी

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने गुरुवार को NATO देशों को परमाणु हमले की धमकी दी। उन्होंने कहा कि रूस की किसी भी जमीन पर हमला हुआ, तो वह अपने सभी हथियारों से जवाब देगा। पुतिन ने मॉस्को में वल्दाई फोरम के दौरान कहा कि NATO अगर कैलिनिनग्राद को रूस से अलग करने की कोशिश करता है, तो रूस तुरंत जवाब देगा।

कैलिनिनग्राद रूस का एक अलग इलाका है। यह रूस के बाकी हिस्से से जुड़ा नहीं है। यह रूस की सीमा से 300 किमी दूर यूरोप में पोलैंड और लिथुआनिया के बीच स्थित है। दूसरे विश्व युद्ध के बाद 1945 से इस इलाके पर रूस का कब्जा है।

राष्ट्रपति पुतिन ने पश्चिमी देशों और यूरोप पर तनाव बढ़ाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि पश्चिमी देश आने वाले वर्षों में रूस के साथ युद्ध की तैयारी की बात कर रहे हैं। उन्होंने बाल्टिक सागर में सैन्य अभ्यास और रूसी जहाजों को जब्त करने का भी जिक्र किया।

उनका बयान मॉस्को की उस चेतावनी के बाद आया, जिसमें NATO से कहा गया था कि कैलिनिनग्राद की रक्षा के लिए रूस परमाणु हथियार इस्तेमाल करने से पीछे नहीं हटेगा।

NATO के चीफ मार्क रुटे ने भी रूस से परमाणु हमले की धमकियां बंद करने को कहा। उन्होंने दावा किया कि रूस चाहता है कि सदस्य देशों का ध्यान बंटे और यूक्रेन की मदद पर जोर कम हो जाए। लेकिन NATO ऐसा नहीं होने देगा।

NATO के सदस्य देशों ने हाल के महीनों में बाल्टिक सागर के आसपास सैन्य अभ्यास किए हैं। अक्टूबर में भी ऐसे अभ्यास की योजना है। पिछले साल NATO ने इस इलाके में 'ऑपरेशन बाल्टिक सेंट्री' शुरू किया था। इसका मकसद समुद्र के नीचे मौजूद संचार केबल और पाइपलाइन की सुरक्षा करना है। 18 अगस्त को NATO ने उत्तरी पोलैंड और बाल्टिक इलाके में सैन्य अभ्यास किया था। इसमें कई विमान शामिल हुए थे। अमेरिकी वायुसेना के मुताबिक, इनमें ईए-37बी कंपास कॉल विमान भी शामिल था जो संचार और रडार सिस्टम को बाधित करने की क्षमता रखता है।



रूसी राष्ट्रपति मॉस्को में वल्दाई फोरम के दौरान बोलते हुए।

दावा- नाटो कैलिनिनग्राद की नाकाबंदी करने की तैयारी कर रहा है

यूरोप में रूस के कई दूतावासों ने इस हफ्ते बयान जारी किए। इनमें कहा गया कि मॉस्को के पास जानकारी है कि NATO कैलिनिनग्राद और पूरे क्षेत्र की हवाई और नौसैनिक नाकाबंदी की तैयारी कर रहा है। रूस ने यूरोपीय नेताओं पर खतरनाक खेल खेलने का आरोप लगाया। रूस का कहना है कि यूरोपीय नेता लगातार यह दावा कर रहे हैं कि मॉस्को किसी दूसरे देश पर हमला कर सकता है या ड्रोन और तोड़फोड़ के जरिए दूसरे देशों में अस्थिरता फैला सकता है। रूस ने इन आरोपों को बेबुनियाद बताया है।





NATO चीफ बेल्जियम के ब्रसेल्स में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान। तस्वीर 2 सितंबर 2026 की है।

नाटो ने रूस की परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की चेतावनी का विरोध किया है। नाटो की प्रवक्ता एलिसन हार्ट ने बुधवार को कहा, 'हम बल प्रयोग की धमकी और गैर-जिम्मेदाराना परमाणु बयानों की कड़ी निंदा करते हैं।'

उन्होंने कहा कि नाटो कैलिनिनग्राद को निशाना नहीं बना रहा है। नाटो एक रक्षात्मक गठबंधन है और उसकी सैन्य गतिविधियों से रूस के किसी भी इलाके को खतरा नहीं है।

फास्ट न्यूज

ग्रोक ने कैप्टन स्मित मच्छार के नाम का किया गलत अनुवाद

दुबई । उड़ान एफजेड1073 में कॉकपिट के अंदर हुए हमले के दौरान साहस दिखाने वाले कैप्टन स्मित मच्छार की तारीफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी की थी। हालांकि, पीएम मोदी की पोस्ट का ग्रोक द्वारा किया गया अनुवाद सोशल मीडिया पर चर्चा का कारण बन गया। ग्रोक ने हिंदी में लिखे 'मच्छार' शब्द का शाब्दिक अर्थ लेते हुए कैप्टन के नाम को Captain Mosquito Smith के तौर पर ट्रांसलेट कर दिया।

'क्या यहां कोई डॉक्टर या एक्स्ट्रा पायलट है'

तेल अवीव। बुधवार का दिन था, यूएई से इजराइल जा रही फ्लाईदुबई की उड़ान 1073 हवा में थी और फिर एक ऐसा खौफनाक मंजर सामने आया जिसने हर किसी की सांसें रोक दीं। विमान का ओमान मूल का को-पायलट कथित तौर पर विमान को दुर्घटनाग्रस्त करने की कोशिश में जुट गया और उसने भारतीय कैप्टन पर चाकू से हमला कर दिया। हालांकि भारतीय पायलट की बहादुरी और यात्रियों की सूझबूझ से एक बड़ा विमान हादसा टल गया। अब इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है, जो कि विमान के अंदर मचे इस पूरे अफरा-तफरी को साफ-साफ बयां कर रहा है।

सबसे कम समय में आईएसएस पहुंचे नासा के अंतरिक्ष यात्री

वॉशिंगटन । चार अंतरिक्ष यात्री गुरुवार को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पहुंच गए। उन्हें वहां पहुंचने में करीब आठ घंटे लगे, जो किसी अमेरिकी मिशन के लिए अब तक का सबसे तेज समय है। नए दल में कनाडा के एक अंतरिक्ष यात्री भी शामिल है। स्पेसएक्स ने नासा के दल को कमांडर जेसिका वॉटकिन्स के नेतृत्व में अंतरिक्ष स्टेशन भेजा। इस दल के प्रक्षेपण में तीन सप्ताह की देरी हुई थी, क्योंकि ड्रैगन कैप्सूल की ईंधन प्रणाली में रिसाव को ठीक किया जा रहा था।

'इंस्टाग्राम सिर्फ लड़कियों के लिए है'

एलन मस्क के बयान ने सोशल मीडिया पर छेड़ी बहस

वाशिंगटन, एजेंसी

टेस्ला और SpaceX के सीईओ एलन मस्क ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स को एक खास जेंडर के इस्तेमाल का एप बताया है। एलन मस्क ने एक पोस्ट पर रिप्लाई में लिखा, 'इंस्टाग्राम लड़कियों के लिए है।' एलन मस्क ने इस बयान ने सोशल मीडिया पर बहस छेड़ दी है। मस्क ने इससे पहले इसी साल मई महीने में भी सोशल मीडिया की आदतों और ऑनलाइन ट्रेंड्स के बारे में बात करते हुए इंस्टाग्राम के बारे में यही बात कही थी।

एलन मस्क ने ये बात एक्स यूजर गीगर कैपिटल के पोस्ट के जवाब में लिखी। गीगर कैपिटल ने एक्स पर पोस्ट शेयर करते हुए लिखा था, 'आधिकारिक तौर पर मैंने इंस्टाग्राम डिलीट कर दिया है। यह मूल रूप से महिलाओं का एप है। कोई फायदा नहीं।' गीगर कैपिटल के पोस्ट पर रिप्लाई बॉक्स में मस्क ने लिखा, 'Instagram is for girls'। एलन मस्क के इस कमेंट के बाद से सोशल मीडिया पर ये बहस छिड़ गई है कि क्या वाकई इंस्टाग्राम केवल लड़कियों का ही एप है। मस्क ने मई में एक वायरल थ्रेड का जवाब देते हुए इंस्टाग्राम के बारे में चर्चा का जवाब देते हुए लिखा था, 'इंस्टाग्राम लड़कियों के लिए है' और उन पुरुषों का मजाक उड़ाया जो उन्हें अपनी इंस्टाग्राम प्रोफाइल दिखाते हैं।



विमान गिर रहा था, आखिरी मौका था, हनुमान चालीसा पढ़ते हुए कॉकपिट का दरवाजा खोला

मोदी से कैप्टन स्मित बोले घायल था पर हिम्मत नहीं हारी

दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को 174 जान बचाने वाले भारतीय पायलट स्मित मच्छर से करीब 9 मिनट वीडियो कॉल पर बात की। स्मित ने दो दिन पहले दुबई से तेल अवीव जा रहे प्लेन की हाइजैकिंग नाकाम की थी। ओमानी को-पायलट ने उन्हें चाकू मारा। स्मित ने फिर भी प्लेन क्रैश नहीं होने दिया।

मोदी ने स्मित से कहा, पूरा देश आपके लिए प्रार्थना कर रहा था और आपके अच्छे स्वास्थ्य की कामना कर रहा था। आपके साहस और सूझबूझ से कई लोगों की जान बची।

बातचीत के दौरान स्मित ने बताया कि वह विमान उड़ा रहे थे और एक झटके के बाद नीचे गिर गए, जिससे काफी चोटें आईं। इसके बावजूद उन्हें महसूस हो रहा था कि विमान नीचे जा रहा है। स्मित ने कहा, "मुझे पता था कि यह आखिरी मौका है। दरवाजा वहीं था और मैंने उसे खोल दिया। मैं मुश्किल समय में हनुमान चालीसा पढ़ता हूं और उस समय भी पढ़ रहा था। मुझे पता है कि भगवान ने ही हमें बचाया।"

कैप्टन स्मित अभी UAE के अस्पताल में भर्ती हैं। उन्हें कल सऊदी अरब से एयरलिफ्ट करके अबू धाबी ले जाया गया। UAE में भारत के राजदूत दीपक मित्तल ने अस्पताल में कैप्टन स्मित और उनके परिवार से मुलाकात की थी। उन्होंने बताया था कि पायलट की हालत स्थिर है और वे तेजी से ठीक हो रहे हैं। उनका मनोबल भी ऊंचा है। मित्तल ने कहा कि कैप्टन को अच्छा इलाज मिल रहा है और भारतीय दूतावास वहां के अधिकारियों के लगातार संपर्क में है। राजदूत ने कैप्टन स्मित को भारत का बहादुर बेटा बताया। उन्होंने कहा कि हवा में आपात स्थिति के दौरान उनकी बहादुरी से सैकड़ों लोगों की जान बची और एक बड़ी दुर्घटना टल गई।



PM मोदी पायलट स्मित मच्छर से बातचीत करते हुए। 30 सितंबर को इजराइल जा रहे प्लेन में स्मित ने सूझबूझ दिखाकर 174 लोगों की जान बचाई थी।

पीएम से बात करते हुए स्मित भावुक हुए

PM से बात करते हुए स्मित भावुक हो गए। उन्होंने कहा, 'आपका फोन आया, यह मेरे लिए बहुत गर्व की बात है। माफ कीजिए सर, मैं आपके सामने रो रहा हूं। मैंने कभी सोचा भी नहीं था कि मेरी आपसे बात होगी।' मोदी ने कहा कि आपने इतना बड़ा काम किया है कि देश का हर नागरिक और दुनिया के लोग आपको देखना और आपसे बात करना चाहते हैं। आपने हनुमान चालीसा के बारे में जो बताया, उसके लिए मैं आपकी मां गीताबेन को प्रणाम करूंगा कि उन्होंने आपको ऐसे संस्कार दिए। मैं आपके पिता भूपेंद्रभाई को भी प्रणाम करूंगा। मोदी ने कहा कि कल जब मेरी सोनलबेन से बात हुई तो मैं हैरान रह गया। वे इतनी शांति और हिम्मत से बात कर रही थीं। मैंने कल्पना भी नहीं की थी कि ऐसी परिस्थिति में वे इतनी सहजता से बात कर पाएंगी।

उनके पास अच्छे सुझाव, पीएम 5 मौकों पर यूक्रेन जंग का मुद्दा उठा चुके

मोदी दोस्त, फिर भी जंग रोकने को कहते हैं : पुतिन

मॉस्को, एजेंसी

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने गुरुवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार यूक्रेन युद्ध खत्म करने की बात उठाते हैं। वह हर मुलाकात में युद्ध रोकने और शांति का रास्ता निकालने पर बात करते हैं। पुतिन ने मॉस्को में वाल्दाई फोरम के दौरान कहा,मोदी मेरे अच्छे दोस्त हैं, फिर भी वे लगातार यूक्रेन युद्ध खत्म करने की बात उठाते हैं। वे जल्द युद्ध खत्म करने के पक्ष में हैं। इसके लिए उनके पास अच्छे सुझाव हैं।

उन्होंने कहा कि भारत की विविधता और एकता से प्रेरणा ली जा सकती है। PM मोदी ने राष्ट्रपति पुतिन को सितंबर की मुलाकात के दौरान तिरुक्कुरल किताब की रूसी भाषा में अनुवाद की एक प्रति भेंट की थी। PM मोदी ने राष्ट्रपति पुतिन को सितंबर की मुलाकात के दौरान तिरुक्कुरल किताब की रूसी भाषा में अनुवाद की एक प्रति भेंट की थी।

पुतिन ने गुरुवार को कहा कि रूस यूरोप के किसी देश पर हमला करने की योजना नहीं बना रहा है। हालांकि, अगर रूस के किसी इलाके पर हमला होता है तो वह अपनी सुरक्षा के लिए अपने सभी हथियारों का इस्तेमाल करेगा।



BRICS समिट के दौरान पीएम मोदी और पुतिन की मिले थे। तस्वीर 12 सितम्बर की है।

मोदी ने पिछले महीने भी युद्ध पर पुतिन से चर्चा की थी

पिछले महीने नई दिल्ली में हुए BRICS समिट से पहले पुतिन और मोदी के बीच बातचीत हुई थी। इस दौरान पुतिन ने मोदी को यूक्रेन युद्ध की मौजूदा स्थिति और शांति की कोशिशों के बारे में जानकारी दी थी। फरवरी 2022 में शुरू हुए इस युद्ध को खत्म करने के लिए कई स्तरों पर बातचीत की कोशिशें जारी हैं। इससे कुछ दिन पहले क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने भी कहा था कि रूस यूक्रेन युद्ध खत्म करने के लिए भारत की किसी भी शांति पहल का स्वागत करेगा। उन्होंने कहा था कि रूस और भारत बातचीत और कूटनीति के जरिए विवाद सुलझाने के पक्ष में हैं।

पुतिन बोले- भारत की विविधता दुनिया के लिए मिसाल

पुतिन ने भारत की संस्कृति, भाषाओं और एकता की भी तारीफ की। उन्होंने कहा कि भारत का विशाल आकार और विविधता हैरान करती है। पुतिन ने बताया कि बहुत कम लोग यह जानते हैं, लेकिन PM मोदी ने उन्हें बताया था कि भारत की 1.5 अरब आबादी में करीब 60 करोड़ लोग हिंदी बोलते हैं। बाकी लोग अलग-अलग भाषाएं बोलते हैं। इसके बावजूद सभी लोग साथ मिलकर रहते हैं।

पुतिन ने कहा,भारतीय संस्कृति में कुछ अनोखा है। यह दुनिया को सिखा सकती है कि अलग-अलग तरह के लोग अपनी विविधता बनाए रखते हुए एक साथ कैसे रह सकते हैं।

इंसानी कंट्रोल से बाहर हुए ओपनएआई के मॉडल्स

100 से ज्यादा संस्थानों में जबरन घुसपैठ की कोशिश

नई दिल्ली, एजेंसी

चैटजीपीटी बनाने वाली कंपनी ओपनएआई के सिस्टम ने 100 से ज्यादा संस्थानों के सिस्टम में जबरन घुसपैठ की कोशिश की है। कंपनी ने खुद इसका खुलासा किया है।

यह इस बात का संकेत है कि टेस्टिंग स्टेज में ही टेक कंपनियों के हाथ से उनके एडवांस AI मॉडल्स की कमान छूट रही है। AI मॉडल्स ना सिस्टम की सुरक्षा को बायपास कर रहे हैं, बल्कि तय दायरों को तोड़कर इंसानी नियंत्रण से बाहर हो रहे हैं।

कंपनी ने अपने एआई एजेंट की चपेट में आए 100 से ज्यादा संस्थानों को अलर्ट जारी कर दिया है। हालांकि, कंपनी का दावा है कि इन संस्थानों का डेटा चोरी नहीं हुआ है। ओपनएआई ने बचाव में दलील दी कि AI एजेंट्स ने सिस्टम का ताला नहीं तोड़ा, बल्कि सिर्फ बंद दरवाजे को जबरन खटखटाकर और उसका हैंडल घुमाकर अंदर घुसने की कोशिश भर की थी।

जांच में सामने आया है कि इन AI एजेंट्स ने कई वेबसाइट्स को मनमाने और अनाधिकृत कमांड भेजकर उनसे गलत प्रोसेस एग्जीक्यूट कराने का प्रयास किया।

इतना ही नहीं, सुरक्षा तंत्र को चकमा देने के लिए इन एजेंट्स ने वेबसाइट्स को आपस में संपर्क साधने का जरिया (कम्युनिकेशन चैनल) बना लिया और तय सुरक्षा पैमानों को पूरी तरह नजरअंदाज कर बायपास करने की कोशिश की।



चेतावनी : दो पहले से मौजूद, ट्रम्प बोले थे- मिडटर्म इलेक्शन के बाद ईरान पर फिर हमला संभव

अमेरिका ने 9000 सैनिकों वाला युद्धपोत मिडिल ईस्ट भेजा

वॉशिंगटन डीसी, एजेंसी

अमेरिका मिडिल ईस्ट में अपनी सैन्य मौजूदगी और बढ़ा रहा है। करीब 9 हजार सैनिकों के साथ अमेरिका अपना वॉरशिप थियोडोर रूजवेल्ट भी क्षेत्र में भेज रहा है।

फिलहाल USS जॉर्ज डब्ल्यू बुश और USS जॉर्ज वॉशिंगटन पहले से वहां मौजूद हैं। रूजवेल्ट की तैनाती के बाद से अक्टूबर के आखिर तक मिडिल ईस्ट में तीन अमेरिकी एयरक्राफ्ट कैरियर हो जाएंगे।

यह कदम ऐसे समय उठाया गया है, जब राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ईरान पर नए हमलों की चेतावनी दे चुके हैं। उन्होंने 3 नवंबर को होने वाले मिडटर्म चुनाव के बाद ईरान पर हमले की बात की थी। इसके पहले उन्होंने ईरान के सीजफायर प्लान को भी ठुकरा दिया था।

अमेरिकी अधिकारी के हवाले से अल-जजीरा ने बताया है कि नवंबर के आखिर तक ईरान के आसपास अमेरिका के 3 युद्धपोत और 2 मरीन यूनिट तैनात हो सकती हैं।

अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने कहा है कि अगर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई का आदेश देते हैं, तो अमेरिकी सेना इसके लिए तैयार है। टाइम मैगजीन को दिए इंटरव्यू में ट्रम्प ने बताया कि उन्होंने ईरान के हालिया सीजफायर प्रस्ताव को ठुकरा दिया। ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट को फिर से खोलने की पेशकश भी की थी, लेकिन ट्रम्प के मुताबिक यह प्रस्ताव अमेरिका के लिए काफी नहीं था। उन्होंने यह भी कहा कि 3 नवंबर के चुनाव के बाद ईरान पर बमबारी बढ़ाने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। अमेरिका और ईरान के बीच जारी युद्ध को लेकर ट्रम्प ने पिछले हफ्ते संयुक्त राष्ट्र महासभा में कहा था कि अगर वह चाहें तो ईरान को पूरी तरह तबाह कर सकते हैं। अमेरिका का कहना है कि ईरान को परमाणु हथियार बनाने से रोकना युद्ध के प्रमुख उद्देश्यों में शामिल है।





USS थियोडोर रूजवेल्ट का नाम अमेरिका के 26वें राष्ट्रपति के नाम पर रखा गया। यह परमाणु ऊर्जा से चलता है।

अडाणी 3 साल बाद फिर देश के सबसे अमीर

संपत्ति 10.85 लाख करोड़ हुई

मुंबई, एजेंसी

फोर्ब्स की 2026 की भारत के 100 सबसे अमीर लोगों की लिस्ट में गौतम अडाणी तीन साल बाद फिर नंबर-1 पर पहुंच गए हैं। अडाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडाणी और उनके परिवार की कुल संपत्ति 10.85 लाख करोड़ (11,270 करोड़ डॉलर) आंकी गई है।

पिछले साल के मुकाबले उनकी संपत्ति 1.99 लाख करोड़ (2,070 करोड़ डॉलर) बढ़ी है। डॉलर के लिहाज से वे इस साल लिस्ट में सबसे ज्यादा संपत्ति बढ़ाने वाले कारोबारी भी रहे। हालांकि उनकी संपत्ति अब भी उनके 2022 के 14.43 लाख करोड़ रुपए (15,000 करोड़ डॉलर) के शिखर से नीचे है। रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी दूसरे स्थान पर खिसक गए। उनकी संपत्ति 1.80 लाख करोड़ रुपए घटकर 8.3 लाख करोड़ रुपए रह गई। फोर्ब्स के मुताबिक विभिन्न कारोबारों में मार्जिन पर दबाव का असर रिलायंस के शेयरों पर पड़ा है।इस साल सूची में 4 नए नाम शामिल हुए। ये इंडो-एमआईएम के कृष्णा चिवुकुला, अपार इंडस्ट्रीज के कुशल और चैतन्य देसाई, आदित्य इन्फोटेक के आदित्य खेमका और बालाजी वेफर्स के विरानी बंधु हैं।कुशल और चैतन्य की संपत्ति 40,898 करोड़ रुपए, आदित्य खेमका की पारिवारिक संपत्ति 34,643 करोड़ है।



तमसा संकेत
tamsa.news@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक विद्यादेवी द्वारा कृष्णा डाइनेस्टी प्रिंटिंग प्रेस म0 न0 195 सेक्टर 6-बी, वृन्दावन योजना, रायबरेली रोड लखनऊ- 226 029 (उ0प्र0) से मुद्रित कराकर तमसा संकेत भवन शहजादपुर, अकबरपुर जनपद अम्बेडकरनगर (उत्तर प्रदेश) (पिन कोड-224122) से प्रकाशित

सम्पादक : विद्यादेवी

समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा

समाचार पत्र में प्रकाशित लेख, राजनीतिक विश्लेषण, लेखकों के अपने विचार हैं। सम्पादक का इन विचारों से सहमत होना आवश्यक नहीं हैं।
मो0- 9415799533
R.N.I. NO. 64107/96